दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



अमिताभ की टक्कर में अकेले थे विनोद खन्ना......



मजेदार लगी थी काकूदा की कहानी .......

वर्ष : 10 | अंक : 214 | लखनऊ, 14 जुलाई, रविवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# यात्री बसों और स्कूल बसों का परमिट, फिटनेस, इंश्योरेंस और ड्राइवरों की जांच हो : सीएम योगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उन्नाव बस हादसे को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अख्तियार किया है। परिवहन विभाग के अधिकारियों को सीएम योगी ने दो टूक निर्देश दिये हैं कि भविष्य में प्रदेश की सड़कों पर डग्गामार या बिना परमिट कोई बस चलती मिली तो संबंधित अधिकारियों की खैर नहीं। अपने सरकारी आवास पर एक अति महत्वपूर्ण बैठक के दौरान परिवहन विभाग के अधिकारियों को सीएम ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदेश में चल रही सभी यात्री बसों और स्कूल बसों का परमिट, फिटनेस, इंश्योरेंस और ड्राइवरों की गहनता से जांच की जाए। वहीं मुख्यमंत्री के कड़े रुख के बाद परिवहन विभाग ने पूरे प्रदेश में एक माह तक डग्गामार और बिना परमिट वाले वाहनों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान के निर्देश जारी कर दिये हैं।



## डग्गामार वाहनों को सड़क पर आने से पहले ही रोकें

मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव परिवहन को निर्देशित करते हुए कहा कि आखिर डग्गामार और बिना परमिट वाली बसें सड़कों पर कैसे बेरोकटोक घूम रही हैं। ऐसी बसों के खिलाफ पूरी सख्ती के साथ अभियान चलाएं और इनके मालिकों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए। सीएम योगी ने स्पष्ट तौर पर निर्देशित करते हुए कहा है कि जहां भी इस प्रकार की बसों का संचालन हो रहा है, वहां के परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में पंजीकृत सभी यात्री बस और स्कूल बसों के फिटनेस, परमिट, इंश्योरेंस और ड्राइवरों की जांच की जाए। इसके बाद कहीं भी कोई अप्रिय घटना हुई तो सीधे सीधे परिवहन विभाग के अधिकारी जिम्मेदार होंगे। कहा कि डग्गामार और बिना परमिट वाले वाहन किसी भी दशा में सड़क पर न उतरने पाए। उन्होंने कहा कि डग्गामार और बिना परमिट वाली बसों को सड़क पर आने से पहले ही रोकना होगा।

## एक माह तक चलेगा सघन अभियान

मुख्यमंत्री के कड़े रुख के बाद परिवहन विभाग के आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने प्रदेश के सभी उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र), सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/ प्रवर्तन), सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/ प्रवर्तन) को निर्देश दिए हैं कि एक माह तक अनवरत रूप से सड़क अभियान चलाया जाए। इस दौरान यात्री बसों के साथ ही स्कूली वाहनों की भी चेकिंग की जाए। उन्होंने इसके लिए प्रदेश के विभिन्न टोल प्लाजा पर संभागीय परिवहन अधिकारियों की तिथिवार ड्यूटी लगा दी है। साथ ही निर्देश दिये हैं निर्धारित तिथियों में प्रत्येक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सम्बन्धित टोल प्लाजा पर स्वयं उपस्थित होकर सम्भाग के समस्त प्रवर्तन अधिकारियों के साथ इन्फोर्समेंट की कार्रवाई करेंगे। चिन्हित स्थानों पर एक-एक इण्टरसेप्टर तैनात की जाएगी। इस दौरान की जाने वाली कार्रवाई की जानकारी और फोटो विभाग के व्हाट्सएप ग्रुप में प्रेषित की जाएगी।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तबीयत में सुधार, दिल्ली एम्स से मिली छुट्टी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को दिल्ली के एम्स से छुट्टी मिल गई है, जहां उन्हें पीठ दर्द के कारण भर्ती कराया गया था। केंद्रीय मंत्री ने दो दिन पहले पीठ दर्द की शिकायत की थी. वह न्यूरोसर्जरी विभाग की निगरानी में थे। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के मीडिया सेल प्रभारी डॉ. रीमा दादा के अनुसार, पीठ दर्द के लिए सिंह का मूल्यांकन और उपचार किया गया। दादा ने कहा, मंत्री को शनिवार दोपहर करीब दो बजे छुट्टी दे दी गई। उन्होंने बताया कि सिंह को गुरुवार तड़के अस्पताल के न्यूरोसर्जरी विभाग के पुराने निजी वार्ड में भर्ती कराया गया। उनकी हालत स्थिर है और एम्स की मीडिया सेल प्रभारी डॉ. रीमा दादा ने कहा कि वह उनकी निगरानी में हैं।



तीन दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कैबिनेट सहयोगी और वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह को जन्मदिन की बधाई दी थी और कहा था कि वह कड़ी मेहनत और सेवा के प्रति प्रतिबद्धता के आधार पर सार्वजनिक जीवन में आगे बढ़े हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिंह 73 वर्ष के हो गए। मोदी ने रक्षा मंत्री का अभिनंदन करते हुए देश को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की बात कही।

उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं। उत्तर प्रदेश से आने वाले, सिंह ने आरएसएस की छात्र शाखा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य के रूप में शुरूआत की, और फिर भाजपा की युवा शाखा में शामिल हो गए, और अपने संगठन के माध्यम से लगातार आगे बढ़ते रहे। एक मिलनसार और निर्विवाद नेता, आम सहमति बनाने के लिए पेचीदा मुद्दों पर अक्सर अन्य दलों तक पहुंचने में पार्टी की पसंद रहे हैं, चाहे वह विपक्ष हो या सहयोगी। वह वर्तमान में लोकसभा में लखनऊ का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,077/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 75,410.39

निफटी 22,957.10

# संविधान की आत्मा पर प्रहार करने वाले संविधान हत्या दिवस मनाएंगे : प्रियंका

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर शनिवार को निशाना साधते हुए कहा कि इसमें आश्चर्य की क्या बात है कि संविधान और लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार करने वाले लोग संविधान हत्या दिवस मनाएंगे। केंद्र ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसी दिन 1975 में आपातकाल की घोषणा की गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संविधान हत्या दिवस 25 जून को मनाया जाना हमें याद दिलाएगा कि जब संविधान को रौंदा गया था, तो क्या हुआ था। प्रियंका ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत की महान जनता ने ऐतिहासिक लड़ाई लड़कर अपनी आजादी और अपना संविधान हासिल किया है। जिन्होंने संविधान को बनाया, जिनकी संविधान में आस्था है, वे ही संविधान की रक्षा करेंगे।

# इमरजेंसी पर अखिलेश के यूटर्न से पार्टी नेताओं में नाराजगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भारत सराकर या कहें मोदी सरकार ने हर साल 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय किया है। 25 जून 1975 वह दिन था जब तत्कालीन भारत (कांग्रेस) सरकार की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान को ताक पर रखकर देश में आपातकाल (इमरेंसी) लागू कर दिया था। लोगों के मौलिक अधिकार तक छीन लिये गये थे। देश के कई बड़े नेताओं को जेल में डाल दिया गया था। समाचार पत्रों पर सेंसरशिप लगा दी गई थी। सरकार को बिना दिखाई कोई खबर नहीं छापने पर प्रतिबंद्ध लगा दिया गया था। इमरजेंसी के दौरान समाजवादी पार्टी के दिग्गज



नेता मुलायम सिंह यादव भी 19 महीने तक जेल में रहे थे। कुछ समय पूर्व प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस बात का वर्णन करते हुए बताया था कि किस तरह नेताजी मुलायम सिंह यादव ने इंदिरा गांधी के शासनकाल में लगाए गए आपातका में लोकतंत्र के मुख्य सिपाही की भूमिका अदा की थी। इस बात का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें दिल से याद किया था। बता दें कि राम मनोहर लोहिया के आदर्शों से प्रभावित मुलायम सिंह ने इमरजेंसी के दौरान 1975 में करीब 19 माह तक जेल की सजा काटी थी। यह इतिहास के पन्नों में सिमट के रह गया है नई सपा अब इमरजेंसी लगाने वालों के साथ खड़ी है और इसका विरोध करने वालों को आईना दिखा रही है।वैसे इसके खिलाफ पार्टी में विरोध भी शुरू हो गया है। सपा विधायक रविदास महरोत्रा ने आरोप लगाया है कि सपा प्रमुख अखिलश यादव कांग्रेस की गोद में बैठ गये हैं, जबकि सबको पता है कि इमरजेंसी के समय नेताजी मुलायम सिंह यादव को लाठियां और जेल में प्रताड़ना सहनी पड़ी थी।

गौरतलब हो, 25 जून 1975 की आधी रात से 21 मार्च 1977 तक देश में इमरजेंसी रहा। इस दौरान जनता के मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए। इस दौरान मुलायम सिंह यादव ने कई आंदोलन में हिस्सा लिया। इमरजेंसी लागू होने के बाद बाकी विपक्षी नेताओं की तरह ही मुलायम सिंह भी जेल भेजे गए। वहीं 25 जून को जब मोदी सरकार ने संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया तो सपा प्रमुख और मुलायम के पुत्र अखिलश यादव इसके विरोध में खड़े हो गये हैं। इस पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव का जबर्दस्त रिएक्शन आया है। उन्होंने कहा कि 30 जनवरी को ह्यबापू हत्या दिवसह्ल व ह्यलोकतंत्र हत्या दिवसह्ल के संयुक्त दिवस के रूप में मनाना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### आतंकी हमले से बेपरवाह भोले के भक्त बड़ी संख्या में पहुँच रहे हैं बाबा बर्फानी के दर्शनों के लिए

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, जम्मू क्षेत्र में हालिया आतंकवादी हमलों से बेपरवाह पूरे देश से हजारों की संख्या में श्रद्धालु अमरनाथ यात्रा के लिए ह्यबम-बम भोलेह्ल और ह्यहर-हर महादेवह्ल के जयकारों के साथ पहुंच रहे हैं। जम्मू संभाग में सेना के जवानों और तीर्थयात्रियों पर हुए आतंकी हमलों पर दुख जताते हुए अमरनाथ यात्रियों ने कहा कि उन्हें कोई भय नहीं है क्योंकि उन्हें भगवान शिव पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि अगर अमरनाथ जाते समय रास्ते में उनकी मृत्यु हो जाती है तो यह उनके लिए बहुत सौभाग्य की बात होगी। हम आपको बता दें कि इस साल 52 दिन की अमरनाथ यात्रा 29 जून को दो मार्गों से शुरू हुई थी। ये दो रास्ते दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग में पहलगाम के नुनवान से 48 किलोमीटर लंबा पारंपरिक मार्ग और मध्य कश्मीर के गांदेरबल जिले में महज 14 किलोमीटर का छोटा लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाला बालटाल मार्ग है। आंकड़ों के मुताबिक अब तक 2.50 लाख से अधिक श्रद्धालु पवित्र गुफा मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। यह यात्रा 19 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन छड़ी मुबारक यात्रा के साथ संपन्न होगी। पिछले एक सप्ताह से प्रतिदिन 4,600 से 6,500 श्रद्धालु जम्मू से कश्मीर घाटी के बालटाल और पहलगाम आधार शिविरों के लिए रवाना हो रहे हैं।

# 8 .5 किलो कम हुआ वजन, शुगर लेवल हुआ कम

## केजरीवाल को लेकर आप का नया दावा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शनिवार को आरोप लगाया कि गिरफ्तारी के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का वजन 8.5 किलोग्राम कम हो गया और उनका रक्त शर्करा स्तर पांच बार 50 मिलीग्राम/डीएल से नीचे चला गया। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, सिंह ने इसे अत्यधिक चिंताजनक बताते हुए दावा किया कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व



वाली सरकार केजरीवाल को गंभीर बीमारी से पीड़ित करने की साजिश रच रही है। शराब नीति मामले में ईडी और सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद केजरीवाल 1 अप्रैल से तिहाड़ जेल में हैं। सिंह ने कहा कि 21 मार्च को जब केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था तब उनका वजन 70 किलोग्राम था और उनका वजन घटकर 61.5 किलोग्राम रह गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य केजरीवाल को जेल में प्रताड़ित करना है और मोदी सरकार का लक्ष्य उनकी जिंदगी से खेलना है। जब केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था, तब उनका वजन 70 किलोग्राम था। आज उनका वजन 8.5 किलोग्राम घटकर 61.5 किलोग्राम हो गया है। सिंह ने कहा कि उनके वजन के लगातार कम होने का कारण अज्ञात है क्योंकि कोई परीक्षण नहीं किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि वजन कम होना किसी गंभीर बीमारी का संकेत है।

सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज मामले में शुक्रवार को केजरीवाल को अंतरिम जमानत दे दी। हालाँकि, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा जांच की जा रही भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तारी के कारण वह अभी भी जेल में हैं। सिंह ने कहा कि जब उम्मीद थी कि सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल जाएगी, उससे पहले ही सीबीआई ने केजरीवाल के खिलाफ मनगढ़ंत मामला बना दिया। यह सब उनकी जिंदगी से खिलवाड़ करने के लिए किया जा रहा है।

# महिलाओं का सशक्तिकरण: 'मुख्यमंत्री-माझी लाडकी बहन योजना' : महाराष्ट्र राज्य

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। महाराष्ट्र राज्य में महिलाओं का सशक्तिकरण हो, उन्हें पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराकर रोजगार सृजन के लिए प्रोत्साहन देना, उनका आर्थिक, सामाजिक पुनर्वास करना, महिलाओं को स्वावलंबी, आत्मनिर्भर बनाना और महिलाओं पर निर्भर बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण आहार में सुधार करना इन सभी मुद्दों को ध्यान में रखकर राज्य सरकार ने 'मुख्यमंत्री-माझी लाडकी बहन योजना' जैसी महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण और उनकी आर्थिक स्वावलंबन के लिए राज्य में विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। लेकिन, हर महीने आर्थिक लाभ देने वाली योजना के रूप में और परिवार में महिलाओं की निर्णायक भूमिका को अधिक मजबूत करने के लिए भी यह योजना महत्वपूर्ण है। योजना का स्वरूपः इस योजना के तहत पात्र महिला को उसके स्वयं के आधार लिंक पर किए गए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) सक्षम बैंक खाते में हर महीने 1,500 रुपये की राशि जमा कर दी जाएगी। साथ ही केंद्र, राज्य सरकार की अन्य आर्थिक लाभ योजनाओं के माध्यम से 1,500 रुपये से कम लाभ प्राप्त हो रहा हो, तो अंतर की राशि इस योजना द्वारा पात्र महिला को दी जाएगी।

# टूट चुका है भाजपा का बुना गया भय और भ्रम का जाल

## उपचुनाव के नतीजों पर राहुल गांधी का ट्वीट

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों में से 10 पर इंडिया ब्लॉक की जीत दर्ज होने के बाद कांग्रेस गदगद है। इसी को लेकर राहुल गांधी की भी प्रतिक्रिया आई है। राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि नतीजों ने स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा द्वारा बुना गया 'भय और भ्रम' का जाल टूट गया है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा कि 7 राज्यों में हुए उपचुनाव के नतीजों ने स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा द्वारा बुना गया भय और भ्रम का जाल टूट चुका है। किसान, नौजवान, मजदूर, व्यापारी और नौकरीपेशा समेत हर वर्ग तानाशाही का समूल नाश कर न्याय का राज स्थापित करना चाहता है।

राहुल ने आगे लिखा कि अपने जीवन की बेहतरी और संविधान की रक्षा के लिए जनता अब पूरी तरह से कठऊकअ के साथ खड़ी है। जय हिंदुस्तान, जय संविधान। कांग्रेस ने



शनिवार को उत्तराखंड की दोनों विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की, जहां उपचुनाव हुए थे, मंगलौर निर्वाचन क्षेत्र को बसपा से छीन लिया और भाजपा को हराकर बद्रीनाथ को बरकरार रखा। कांग्रेस के काजी मोहम्मद निजामुद्दीन ने भाजपा के करतार सिंह भड़ाना को 422 वोटों के मामूली अंतर से हराकर चौथी बार सीट जीती। निजामुद्दीन ने अतीत में दो बार बसपा के टिकट पर और एक बार कांग्रेस के टिकट पर सीट जीती थी।

वहीं, पार्टी नेता पवन खेड़ा ने कहा कि देशभर में 13 सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे आपके सामने हैं। लोकसभा चुनाव में जनता का संदेश बहुत स्पष्ट था, लेकिन लोगों ने देखा कि सरकार में अभी भी वही घमंड और ऐंठन थी। इसलिए देश की जनता ने महीने भर में दूसरी बार इखढ को संदेश दिया है। हम उत्तराखंड की दोनों सीट पर जीते और हिमाचल प्रदेश की भी दो सीट पर जीत हासिल की है। इखढ को 13 सीट में सिर्फ 2 सीट मिली हैं।

इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि इतिहास में पहली बार हुआ होगा कि मध्य प्रदेश के अमरवाड़ा में काउंटिंग रोककर अधिकारी लंच ब्रेक कर लेते हैं। पूरा प्रशासन कांग्रेस को हराने के लिए जुट जाता है। उन्होंने कहा कि हम मतदाताओं को दिल से धन्यवाद देते हैं, क्योंकि उन्होंने ऐसे लोगों को सबक सिखाया, जो संविधान को बदलने की बात कर रहे थे। जनता ने चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करने वालों को करारा जवाब दिया है।

# श्रावण मास अयोध्या में होगा खास, रामलला झूलेंगे झूला

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

अयोध्या। अयोध्या में विराजमान प्रभु श्रीराम अब रामनवमी की भांति ही श्रावण मास में भी खुशियां मनायेंगे। नवनिर्मित राम मंदिर में आसीन रामलला सावन में झूलनोत्सव को भी हर्षोल्लास से मनाते नजर आयेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। नए मंदिर में विराजमान रामलला का यह पहला सावन का महीना होगा, जब वह झूले पर विशेष श्रृंगार के साथ प्रतिष्ठित किए जाएंगे। गर्भगृह में झूलनोत्सव श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि यानी नागपंचमी के दिन नौ अगस्त को प्रारंभ होगा। यद्यपि इस पर अंतिम निर्णय ट्रस्ट लेगा, परंतु पूर्व से यही परंपरा है। श्रावण शुक्ल तृतीया यानी सात अगस्त से मर्णिपवर्त पर झूलनोत्सव शुरू होगा।

श्री राम जन्मभूमि पर निर्मित भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद चैत्र मंदिर में विराजमान होने के बाद चैत्र मास में नवमी तिथि को रामलला का



जन्मोत्सव वृहद स्तर पर भव्य रूप से मनाया गया था। इसके बाद यह पहला अवसर होगा, जब वह श्रावण मास में गर्भगृह में झूला झूलेंगे। रामलला का विशेष श्रृंगार करा उन्हें झूले पर प्रतिष्ठित कराएगा। श्रृंगार व झूलनोत्सव की शुरूआत की रूपरेखा तैयार की जा रही है। शीघ्र ही सभी ट्रस्टियों की सहमति से इस पर निर्णय लिया जाना है। परंपरा के अनुसार रामनगरी में झूलनोत्सव की शुरूवात श्रावण मास की तृतीया तिथि से मणि पर्वत से होती रही है। इसी के साथ अधिकांश मठ-मंदिरों में भी झूलनोत्सव शुरू होता है। कहीं पखवारे भर तो कही पूरे माह तक कार्यक्रम होते है। और ठाकुर जी को विधि-विधान से झूला झुलाया जाता है। राम मंदिर में झूलनोत्सव की शुरूवात श्रावण मास के शुल्क पक्ष की पंचमी तिथि से होती रही है। इसी दिन विशेष श्रृंगार मास के बाद ठाकुरजी झूले पर विराजते हैं। इस बार श्रावण मास 22 जुलाई से शुरू हो रहा, लेकिन शुल्क पक्ष पांच अगस्त से प्रारंभ होगा। पंचमी तिथि नौ अगस्त को पड़ रही है।

चांदी के झूले पर विराजेंगे प्रभुः नए मंदिर में बालक स्वरूप में विराजमान रामलला को चांदी के झूले पर झूला झुलाया जाएगा। शुरूआत मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास करेंगे।

वैकल्पिक गर्भगृह में रामलला के लिए वर्ष 2021 के श्रावण मास में ट्रस्ट ने 21 किलो चांदी का पांच फीट ऊंचा झूला निर्मित कराया था। नए मंदिर में भी उन्हें इसी झूले पर प्रतिष्ठित किया जाएगा।

ट्रस्ट लेगा अंतिम निर्णयः रामलला के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि अभी तक तो रामलला को झूले पर पंचमी के दिन से ही झूला झुलाया जाता रहा है। नए मंदिर में भी उसी परंपरा का पालन होगा या बदलाव होगा, इस संबंध में ट्रस्ट जल्द निर्णय लेगा।

## मोहनलालगंज व निगोहां में हुयी सड़क दुर्घटनाओ में दो घायल

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।शनिवार की सुबह पहली दुर्घटना निगोहां कस्बे में हुयी,जहां तेज रफ्तार बाइक ने मजदूरी करने निकली महिला कोमल निवासी बैरीसालपुर थाना मोहनलालगंज को जोरदार टक्कर मार दी ।दुर्घटना में घायल महिला मजदूर को सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजन एम्बुलेंस से इलाज के लिए सीएचसी लेकर गये,जहां भर्ती कर उसका इलाज जारी हैं ।दूसरी दुर्घटना शुक्रवार की देर रात मोहनलालगंज के पचौरी गांव के पास हुयी,जहां तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी.दुर्घटना में बाइक सवार युवक रविशंकर निवासी सिघई का पुरवा मजरा बहरौली थाना नगराम गम्भीर रूप से घायल हो गया ।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घायल युवक को एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिये सीएचसी लेकर गयी,जहां भर्ती कर घायल युवक का इलाज जारी है।

## नगर निगम की कचरा उठाने वाली गाड़ी की टक्कर से वृद्धा घायल

लखनऊ नगर निगम जोन आठ की कचरा उठाने वाली एक गाड़ी ने गुरुवार सुबह एक वृद्ध महिला को ठोकर मार दी जिससे वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई गाड़ी चालक मौके पर गाड़ी छोड़ फरार हो गया जानकारी होने पर पहुंचे वृद्धा के परिजनों ने अस्पताल में इलाज कराने के बाद स्थानीय आशियाना थाने पर पहुँच गाड़ी नंबर आधार पर शिकायत की है ।आशियाना क्षेत्र के सेक्टर एच निवासी अंकुर मिश्रा के मुताबिक गुरुवार सुबह करीब 11:20 बजे उनकी माता कुसुमलता मिश्रा कुछ निजी काम निपटा अन्नपूर्णा शपिंग कप्लेक्स रोड अपने घर लौट रही थी इस दौरान नगर निगम की कचरा उठाने वाली गाड़ी संख्या यूपी 32 यूएन 1804 चालक लापरवाही पूर्वक गाडी चलाते हुए उनके माताजी के ऊपर चढ़ा दिया जिससे उनकी माँ गम्भौर रूप से घायल हो गई वहीं गाड़ी चालक मौके पर गाड़ी छोड़ फरार हो गया स्थानीय लोगो द्वारा उन्हें हादसे की जानकारी हुई मौके पर पहुँच लोगो की मदद से अपनी माँ को लोकबंधु अस्पताल ले गया जहाँ इलाज कराने के बाद स्थानीय थाना आशियाना पहुँच बेटे ने गाड़ी नंबर आधार पर पुलिस से लिखित शिकायत की है

## पार्षद ने उठाए भाजपा की सूची पर सवाल

### पत्र लिखकर पूछ लिया– किस आधार पर वोट डालने आऊंगा?

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भाजपा पार्षद रामनरेश रावत ने संगठन की उस सूची पर सवाल खड़ा कर दिया है, जिसमें किसी दलित पार्षद को जगह नहीं दी गई है। नगर निगम के नीतिगत निर्णय वाली कार्यकारिणी समिति के रिक्त छह पदों पर 15 जुलाई को चुनाव होना है। इसमें मतों की संख्या के अनुसार पांच सदस्य भाजपा से चुने जाने हैं। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की तरफ से पार्टी के सभी विधायकों व पूर्व प्रत्याशी की तरफ से जिन पांच पार्षदों को उम्मीदवार बनाने की सूची जारी की गई है, उसमें दलित समाज से कोई नहीं है। रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह को भेजे पत्र की प्रति पार्षद रामनरेश रावत ने मुख्यमंत्री, भाजपा के प्रदेश और महानगर अध्यक्ष को भी भेजी है। पार्षद ने आरोप लगाया कि उम्मीदवारों के चयन में संगठन ने आरक्षण के हिसाब से दलित समाज के किसी पार्षद को उम्मीदवार नहीं बनाया है, जो उचित नहीं है और इस पर संगठन को विचार करना चाहिए।

# डीसीपी ने थाना समाधान दिवस में पहुंचकर सुनी फरियादियों की शिकायतें

● आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर डीसीपी दक्षिणी ने सुनी फरियारियों की शिकायतें

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता डीसीपी दक्षिणी तेज स्वरूप सिंह ने करते हुये प्रभारी निरीक्षक आलोक राव व नायाब तहसीलदार भानु प्रकाश त्रिपाठी समेत राजस्वकर्मियो की मौजूदगी में फरियादियों की शिकायतें सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये ।डीसीपी तेज स्वरूप सिंह से पहली शिकायत बुजुर्ग रामकिशुन निवासी मऊ ने करते हुये बताया वो गांव में स्थित पैतृक जर्जर घर को ढहा कर नया मकान बनवा रहे है लेकिन विपक्षी रमेश गुप्ता उनके मकान के निर्माण में रोक लगाकर जबरन घर के बीच से रास्ता लेना चाह रहे है ओर बेवजह परेशान कर रखा है,पूर्व में सम्पूर्ण समाधान दिवस में भी शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नही हुयी ।डीसीपी ने बुजुर्ग की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये इंस्पेक्टर को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिये ।दूसरी शिकायत राजेन्द्र कुमार निवासी हीरालालखेड़ा मजरा सिसेंडी ने करते हुये बताया उनके हिस्से की भूमि पर जबरन भाई बनवारी ने कब्जा कर लिया है ओर खाली करने की बात कहने पर गाली-गालौज कर जान से मारने की धमकी देता हैं ।डीसीपी ने इंस्पेक्टर को राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमो को मौके पर भेजकर जांच के बाद कार्यवाही के निर्देश दियें ।तीसरी शिकायत वंदना निवासी बक्खाखेड़ा ने करते हुये बताया शराब के नशे में धुत होकर एक निजी स्कूल में काम करने वाला लवकुश बीती रात उसके घर का दरवाजा पीट रहा था ओर गाली -गालौज कर रहा था,जिसके बाद वो सहम गयी ओर दरवाजा नही खोला ।डीसीपी ने पीड़िता की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही के निर्देश दिये ।चौथी शिकायत बुजुर्ग नंदकिशोर निवसी भरसवा ने करते हुये बताया बड़ा बेटा चन्द्रभान व उसकी पत्नी आरती जबरन जमीन अपने नाम कराने का दबाब बनाकर मारपीट करते है ओर जमीन नाम ना करने पर जान से मारने की धमकी भी देते हैं ।डीसीपी ने बुजुर्ग की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये इंस्पेक्टर को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दियें ।पाचंवी शिकायत अमिता साहू निवासी नाका हिडौला,लखनऊ ने करते हुये बताया उनके पति भानु प्रकाश की कृषि योग्य भूमि मोहनलालगंज के मऊ में स्थित है जिस पर खेती कराती है,पति अपनी कृषि योग्य भूमि पर पिलर व लोहे के कटिले तार लगवा रहे थे तो विपक्षी नीतू साहू,रेनू साहू व अवधेश साहू ने अपने साथियो संग मौके पर आकर जबरन काम रोक दिया ओर जमीन को अपना बताते हुये काम रूकवा दिया ओर कहा दोबारा उक्त भूमि पर कुछ कराया तो जेल भिजवा देंगे,उक्त विपक्षियो के दबाब में एसीपी व इंस्पेक्टर ने काम भी रूकवा दिया ।जब कि उच्च न्यायालय से भी उसके पक्ष में आदेश हो चुका है ।डीसीपी ने शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये इंस्पेक्टर को जांच कर पीड़िता व उसके पति को अपनी जमीन पर काम करने से रोकने वाले आरोपियो पर कार्यवाही के निर्देश दिये।

## थाना समाधान दिवसों में नहीं पहुंच रहे तहसील अफसर.....

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने भले ही राजस्व व पुलिस विभाग के अफसरो को थानो में आयोजित होने वाले समाधान दिवसो में पहुंचकर फरियादियो की शिकायत सुनकर निस्तारण के निर्देश दे रखे है लेकिन सीएम के आदेश का राजधानी के मोहनलालगंज तहसील में तैनात अफसर ही मखौल उड़ा रहे है,शनिवार को जागरूक लोगो ने निगोहां,नगराम,सुशान्त गोल्फ सिटी व गोसाईगंज थानो में आयोजित समाधान दिवसो में 11बजे तक तहसील अफसरो के ना पहुंचने का मैसेज सोशल मीडिया पर वायरल किया तो निगोहां थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में साढे बारह बजे के करीब उपजिलाधिकारी बृजेश कुमार वर्मा ने पहुंचकर थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी की मौजूदगी में शिकायतें सुनी लेकिन नगराम थाने में तहसील का कोई भी जिम्मेदार अफसर नही पहुंचा यहा एसीपी राधा रमण सिंह व थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने राजस्वकर्मियो की मौजूदगी में फरियादियो की शिकायते सुनी,सुशान्त गोल्फ सिटी थाने में प्रभारी निरीक्षक अजंनी कुमार मिश्रा ने राजस्वकर्मियो की मौजूदगी में फरियादियों की शिकायत सुनी यहा भी कोई भी तहसील अफसर नही शिकायतें सुनने नही पहुंचा,बरबस यही हाल गोसाईगंज थाने का रहा,यहा भी तहसील का कोई भी अफसर समाधान दिवस में नही पहुंचा ।प्रभारी निरीक्षक बृजेश चन्द्र त्रिपाठी? ने राजस्वकर्मियो की मौजूदगी में फरियादियो की शिकायतें सुनी ।क्षेत्रीय लोगो ने बताया तहसीलदार समेत कुछ नायाब तहसीलदार कभी भी थाना समाधान दिवसो में नही पहुंचते है।

## तीन नए आपराधिक कानूनों को वापस लिए जाने की मांग

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेष अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अषोक सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि दिल्ली में आयोजित टेज्ड यूनियनों के संयुक्त मंच ने एक बैठक में 01 जुलाई, 2024 से लागू किए जाने वाले तीन आपराधिक कानूना ों को वापस लिए जाने की मांग किया है। सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि इन कानूनों का मसौदा सरकार द्वारा बिना किसी चर्चा यहाँ तक कि संसदीय समिति द्वारा दिए गए सुझावो ं को भी नजरअंदाज कर तैयार किया गया है। यह लो कतांत्रिक परम्पराओं के सर्वथा विपरीत है। सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि इन कानूनों का मसौदा सरकार द्वारा बिना किसी चर्चा यहाँ तक कि संसदीय समिति द्वारा दिए गए सुझावो ं को भी नजरअंदाज कर तैयार किया गया है। यह लो कतांत्रिक परम्पराओं के सर्वथा विपरीत है। उन्हो ंने आगे कहा कि राजद्रोह के अन्तर्गत दण्डित करने हेतु आईपीसी की धारा 124 ए में तीन साल की सजा को बढ़ाकर 7 साल कर दिया गया है। लो गों द्वारा की जा रही सभाओं और उन सभा में आए नेताओं को आतंकवादी घोषित करने तथा इसमें टेज्ड यूनियनों की गतिविधियो ं को भी शामिल किया जाने के साथ ही शांतिपूर्ण प्रदर्षनकारियों और कार्यकताओं के खिलाफ मामला दर्ज करने का अधिकार भी पुलिस को दिया गया है।



पुलिस हिरासत की मौजूदा अवधि 15 दिनों से बढ़ाकर 90 दिन कर दिया गया है। सिंह ने आगे कहा कि यह सत्तारूढ़ व्यवस्था और उसके आकाओं के दमनकारी मंसूबों के अनुरूप पुलिसराज के प्रारम्भ का स्पष्ट संकेत है। किसी भी कानून में प्रस्तावित परिवर्तन को पास करने अथवा अपनाने से पूर्व उस पर सार्वजनिक चर्चा किया जाना लोकतंत्र में अति आवष्यक होता है। अतएव केन्द्रीय टेज्ड यूनियनों, स्वतंत्र फेडरेषनों महासंघों और संघों के मंच तथा राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस सरकार से यह आग्रह करता है कि इन कान ूनों को समाप्त कर पूर्व से चले आ रहे कानूनों को बनाए रखा जाए।

# तेज रफ्तार ट्राले ने साइकिल सवार मजदूर को रौंदा,मौत

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। गौरा गांव में शनिवार की सुबह तेज रफ्तार गिट्टी लदे ट्राले की टक्कर से साइकिल सवार मजदूर की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी ।दुर्घटना कर मौके से भागे ट्राले व चालक को पुलिस ने मोहनलालगंज कस्बे में पकड़ा ।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा ।मृतक मजदूर के परिजनो की तहरीर पर पुलिस ने ट्राले व चालक के विरूद्व मुकदमा दर्ज किया।

मोहनलालगंज क्षेत्र के गोविंदपुर मजरा कुड़ौली गांव निवासी राजेश रावत( 40वर्ष ) शनिवार की सुबह साइकिल से अपने चचेरे भाई लवकुश के साथ गौरा में स्थित एक प्लाटिंग साइड पर मजदूरी करने निकला थे,मजदूर राजेश साइकिल से जैसे गौरा कालोनी पर पहुंचा ही था कि तभी रायबरेली की तरफ से तेज रफ्तार में आ रहे गिट्टी लदे ट्राले ने उसे जोरदार टक्कर मार दी ओर मजदूर को रौदतें हुये ट्राले समेत चालक मौके से भाग निकला ।ग्रामीणो की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस गम्भीर रूप से घायल मजदूर को इलाज के लिये सीएचसी लेकर गयी जहां डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया ।वही मौके से भागे ट्राले व चालक को मोहनलालगंज कस्बे में पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा ।सूचना के बाद पत्नी मोनी परिजनो संग सीएचसी पहुंची तो पति का शव देख बिलख पड़ी,पत्नी के आंसू व उसका करूण क्रदंन देख मौके पर मौजूद हर आंख नम हो गयी ।मृतक मजदूर के परिवार में पत्नी मोनी व दो मासूम बेटे निखिल,निहाल व एक बेटी संजना है.वो मजदूरी कर अपने परिवार के लिये दो जून की रोटी जुटाता था ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया मृतक के परिजनो की तहरीर पर ट्राले व चालक के विरूद्व मुकदमा दर्ज कर मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया हैं।

## सीएचसी के इमरजेंसी के बाहर दर्द से कराहते रहे मरीज,पौने दो घंटे नदारत रहे डाक्टर

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।ग्रामीण इलाको में आम आदमी को बेहतर स्वास्थ सेवाएं देने के लिए भले ही सीएम से लेकर स्वास्थ मंत्री आए दिन जिम्मेदारों को निर्देश देते रहते है ।पर इसका असर राजधा?नी की मोहनलालगंज सीएचसी पर नही दिखाई पड़ रहा है ।यही वजह है कि गुरुवार रात को दर्द और सर्पदंश से पीड़ित कई मरीज सीएचसी की इमरजेंसी के बाहर तड़पते रहे ओर यहा तैनात डाक्टर नदारत रहे ।जागरूक लोगो ने फोन कर अधीक्षक से शिकायत से शिकायत की तब जाकर काफी देर बाद इमरजेंसी में पहुंचे डाक्टर ने मरीजो का इलाज शुरू किया ।क्षेत्रीय लोगो ने आरोप लगाया ग्रामीण इलाके की सबसे बड़ी सीएचसी होने के बाद यहां इमरजेंसी सेवाये ना के बराबर है।

मोहनलालगंज के दहियर गांव निवासी किसान विपिन पांडेय उल्टी पेट दर्द से परेशान होकर गुरुवार रात 10.30 बजे सीएचसी मोहनलालगंज की इमरजेंसी में पहुंचे.जहां पर कोई डॉक्टर नही मिला ओर मौजूद स्टाफ ने बताया कि डाक्टर साहब खाना खाने गए है ।इस दौरान करीब एक घंटे से ज्यादा समय होने के बाद भी डाक्टर वापस नही लौटे ।इस दौरान शेरपुर के सुरेश भयानक पेट दर्द व बक्खाखेड़ा के अमन भी इलाज के लिये पहुंचे तो वो भी दर्द से कराहते रहे ।मरीजो ने हगांमा शुरू किया तो कर्मचारियो ने फोन कर डाक्टर को सूचना दी? ।जिसके बाद भी डाक्टर नही आये ।जिसके बाद मरीजो का सब्र जबाब दे गया ओर उन्होने सीएचसी अधीक्षक को फोन कर इमरजेंसी से डाक्टर के नदारत होने की सूचना दी ।अधीक्षक ने डाक्टर को फोन कर फटकार लगाते हुये तत्काल ड्यूटी पर पहुंचने के निर्देश दिये ।तब जाकर करीब पौने दो घंटे बाद डाक्टर मौके पर पहुंचे ओर मरीजो का इलाज शुरू किया ।सीएचसी अधीक्षक डॉ० अशोक कुमार ने बताया जिस समय मरीज इमरजेंसी में इलाज के लिये पहुंचे उस समय डाक्टर खाना खाने गए थे,जब अधीक्षक से इमरजेंसी में तैनात डाक्टर के पौने दो घंटे गायब रहने के बारे में पुछा गया तो डाक्टर से लिखित स्पष्टिकरण लिये जाने की बात कही।

# 17 साल के किशोर की हत्या, मुंह बोली बहन का छत पर मिला शव

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। डालीगंज के चरही में 17 वर्षीय शिवा श्रीवास्तव की हत्या कर दी गई। शुक्रवार देर रात पड़ोस में रहने वाली मुंह बोली बहन के घर की छत पर खून से लथपथ हालत में शिवा का शव पड़ा मिला। गले में रस्सी का फंदा पड़ा था। शिवा के पिता संतोष के आरोप पर पुलिस, दो दोस्तों और मुंह बोली बहन को हिरासत में ले लिया है। तीनों से पूछताछ कर रही है।

संतोष के मुताबिक वह हरदोई जिले के मल्लावां बरौना के रहने वाले हैं। बेटा यहां एक निजी इंस्टीट्यूट से मेकअप आर्टिस्ट का कोर्स कर रहा था। कोर्स के कारण छह माह चरही में मुंह बोली बहन माही के साथ रह रहा था। माही एक अस्पताल में स्टाफ नर्स है। वह भी बरौना में मोहल्ले की ही रहने वाली है। माही के कहने पर ही शिवा को उसके साथ रह रहा था। एक माह पूर्व शिवा ने माही के साथ रहना छोड़ दिया था। वह पड़ोस में किराए पर रहने वाले शिवम और अनुपम के साथ रहने लगा। शिवम और अनुपम मूल रूप से गोंडा के रहने वाले हैं।

शुक्रवार रात माही ने फोन कर बताया कि शिवा ने फांसी लगा ली है। सूचना पर जब पहुंचे तो माही जिस मकान में रहती है उसकी छत पर शिवा का खून से लथपथ शव पड़ा मिला। उसके गले में रस्सी का फंदा पड़ा था। हसनगंज पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर तफ्तीश की और साक्ष्य जुटाए। एडीसीपी मध्य मनीषा सिंह ने बताया कि शिवा के दो दोस्तों और मुंह बोली बहन से पूछताछ की जा रही है, जो भी तथ्य प्रकाश मिलेंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शिवम ने फोन कर रहा था फांसी लगा ली है आ जाओ

पीड़ित मां संतोषी ने बताया कि रात शिवम ने बड़े बेटे को फोन किया और कहा कि शिवा छत पर फांसी लगा ली है जल्दी आ जाओ। इस पर बड़े बेटे ने शिवम से कहा कि मेरे भाई को बचा लोग जरूरत पड़े तो अस्पताल लेकर चले जाओ हम सब आ रहे हैं। बेटे को शिवम, अनुपम और अन्य अस्पताल लेकर भी नहीं गए और उसकी मौत हो गई।

### माही ने कहा था कि शिवा मेरे होने वाले पति से चुगली करता है

संतोषी के मुताबिक माही कुछ दिन से शिवा से चिढ़ने लगी थी। माही की शादी तय हो चुकी थी। माही का होने वाला पति भी उसके कमरे में कभी कभार आता था। इसके अलावा माही की शिवम और अनुपम से भी बातचीत होती थी। संतोषी ने बताया कि माही ने कुछ दिन पहले उन्हें और शिवा के पिता को फोन किया था। उसने कहा था कि शिवा मेरे होने वाले पति से उल्टी सीधी बाते करके झगड़ा करवाने की कोशिश करता है। इसे समझा लो। शिवा ने यह भी बताया था कि माही उसे अकसर चिढ़ाती रहती है। माही का चिढ़ाना उसे अच्छा नहीं लगता है।

# लोक भारती के हरियाली माह में सघन वृक्षारोपण संचालन की बनी कार्य योजना

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। वर्षा ऋतु के आगमन पर लोक भारती द्वारा हरियाली माह का संचालन पूरे देश भर में 09 जुलाई से 07 अगस्त के मध्य में पिछले पांच वर्षो से हो रहा है जिसमें देश भर में लोक भारती कार्यकताओं द्वारा सघन वृक्षारोपण किया जाता है। पिछले कुछ वर्षों से पीपल, बरगद, पाकड़ का समूह जिसे हरी शंकरी कहते हैं, लगाने पर विशेष जोर दिया रहा है। इसी श्रृंखला में उत्तर प्रदेश में भी लोक भारती द्वारा विशेष कार्य योजना बनायी गयी है। इस आशय पर पिछले सप्ताह लोक भारती के विशिष्ट कार्यकर्तागण, प्रदेश के वन मंत्री, वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रदेश के सभी डीएफओ की मौजूदगी में बैठक कर चुके हैं। इसी कड़ी में आज शनिवार



को लखनऊ महानगर में सघन वृक्षारोपण हेतु एक महत्त्वपूर्ण बैठक डीएफओ लखनऊ एवम्लोक भारती के संयुक्त तत्वावधान में वन विभाग मुख्यालय के परिजात सभागृह में आयोजित हुई।

लोक भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री बृजेन्द्रपाल सिंह ने बताया कि जमीन पर वृक्षारोपण करने से पहले कार्यकर्ता अपने मन में बीज का रोपण करें तभी लखनऊ हरा-भरा होगा ।डीएफओ लखनऊ सीतांशु पाण्डेय ने कहा कि पौधा लगाने से पहले उसकी सुरक्षा का प्रबंध के बारे में भी विचार करना होगा तभी वृक्षारोपण का लाभ होगा।

बैठक में लोक भारती से राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, गोपाल उपाध्याय, श्रीकृष्ण चौधरी, भास्कर अस्थाना, डॉ. हृदयेश बिहारी, कमलेश गुप्ता, प्रेम सागर त्रिपाठी, चंद्रभूषण तिवारी, स्वयंसेवी संस्था अहसास से साची सिंह, जिजीविषा फाउंडेशन से मंजिरी उपाध्याय, इंडस्ट्रियल एरिया से अरुण सिंह, फिक्की से विभा अग्रवाल, मानस सेवा फाउंडेशन से मानव सिंह, आर्ट ऑफ लिविंग से अनुराग सिंह, प्राची श्रीवास्तव एवम वन विभाग के एसडीओ चंदन चौधरी तथा लखनऊ के सभी रेंजर्स बैठक में शामिल हुए ।कार्यक्रम का संचालन लोक भारती के राष्ट्रीय सचिव एवम् हरियाली माह अभियान के लखनऊ संयोजक डॉ. पार्थ प्रतिम ने किया।

# एक्सिस बैंक के एमडी समेत तीन के खिलाफ लखनऊ में मुकदमा

### फर्जी हस्ताक्षर से 30 करोड़ का लोन पास करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। एक्सिस बैंक के एमडी अमिताभ चौधरी और वीआइआइएल कंपनी के निदेशक समेत तीन लोगों के गोमतीनगर थाने में खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। बैंक के एमडी समेत तीनों पर फर्जी हस्ताक्षर और दस्तावेज की मदद से 30 करोड़ रुपये लोन लेने का आरोप है। विशालखंड के शिव सेवक सिंह ने मुकदमा कराया है। इंस्पेक्टर गोमतीनगर दीपक पांडेय के मुताबिक शिव सेवक सिंह ने बताया कि उन्होंने 1997 में वीआइआइएल कंपनी के निदेशक नौशाद अहमद के साथ विजय एक्सप्रेस-वे इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड फर्म खोली थी। कंपनी का आफिस दिल्ली में था। इसके बाद 2006 में कंपनी का नाम बदलकर मेसर्स विजय इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कर दिया। 2011 में कंपनी का नाम वीआइआइएल लिमिटेड कर दिया गया। शिव सेवक के मुताबिक कंपनी में वह और नौशाद अहमद दोनों ही डायरेक्टर थे। इसके बाद एक्सिस बैंक की नई दिल्ली शाखा से कंपनी के नाम से 30 करोड़ रुपये का लोन लिया गया, जिसमें पांच करोड़ कैश और 25 करोड़ रुपये बैंक गारंटी के रूप में 17 जुलाई 2008 में स्वीकृत हुआ। कंपनी का निदेशक होने के कारण गारंटी भी ली थी। शिव सेवक सिंह ने इसके बाद 2011 में कंपनी से इस्तीफा दे दिया। कंपनी से इस्तीफा देने के साथ ही व्यक्तिगत गारंटी भी खत्म हो गई थी। इसका एक पत्र बैंक को भी दिया गया। इस्तीफे के बाद कंपनी से जुड़े किसी भी दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं किए।

# लड़की के घर बारात लेकर पहुंचा युवक, घंटों गलियों में भटकते रहे बाराती

## गांव वाले बोले; यहां इस नाम से कोई परिवार नहीं रहता

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एक युवती से फोन पर बात करते करते एक युवक का इश्क परवान चढ़ा। चार साल से उनकी अकसर मुलाकात भी होती थी। दोनों ने साथ जीने मरने की कस्मे खाई। लड़की ने परिवारीजनों की बीमारी का झांसा देकर पांच लाख रुपये भी ऐंठ लिए। बात शादी तक पहुंच गई। शादी की तारीख 11 जुलाई तय हुई।

युवक, बेहतरीन शेरवानी पहन और सेहरा बांधकर गुरुवार शाम रहीमाबाद के हाशिमपुर गांव में आठ से 10 कार से बारात लेकर पहुंचा। गांव पहुंचकर पता चला कि लड़की और उसके घरवाले यहां हैं ही नहीं। वह उसके बाद लड़की और उसके परिवारीजनों को फोन करता रहा सबके नंबर स्विच आफ हो गए।

### मायूस होकर बारात वापस लेकर लौटा युवक

घंटों इंतजार के बाद भी लड़की और उसके घरवालों का कुछ पता नहीं चला। इसके बाद युवक मायूस होकर बारात लेकर वापस चला गया। रहीमाबाद थाने में उसने युवती और उसके परिवारीजनों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित युवक उन्नाव जिले के औरास दलेलपुर का रहने वाला सोनू पाल है।

### फोन पर हुई बातचीत, शादी तक पहुंची बात

थानाध्यक्ष रहीमाबाद अनुभव सिंह



के मुताबिक सोनू के मुताबिक वह चंडीगढ़ में पांच साल से नौकरी कर रहा था। चार साल पहले उसकी मुलाकात युवती से हुई। युवती से फोन पर बातचीत शुरू हो गई। बातचीत शादी तक पहुंच गई। युवती और उसके घरवालों से उसका मिलना-जुलना भी होता था। इस लिए विश्वास भी हो गया था। युवती ने छह माह पहले मां की बीमारी का झांसा देकर साढ़े तीन लाख रुपये आनलाइन लिए। डेढ़ लाख रुपये उसे कैश दिये थे। युवती के घरवालों के साथ बैठकर बात हुई शादी तय हो गई। शादी की तिथि 11 जुलाई तय हुई थी।

### गांव वाले बोले- इस नाम की कोई लड़की नहीं रहती

युवती और उसके घरवालों ने बताया कि कि वह रहीमाबाद हाशिमपुर के रहने वाले हैं। तय तिथि के अनुसार औरास दलेलपुर से वह परिवारीजन और रिश्तेदारों के साथ गुरुवार शाम बारात लेकर पहुंचा था। जब वह बारात लेकर आ रहा था तो रास्ते में भी युवती से फोन पर बात हो रही थी। युवती ने बताया था कि गांव के बाहर सरकारी स्कूल में बारात के रुकने का इंतजाम किया गया है। गांव वालों से पूछा गया तो उन्होंने इस नाम की लड़की कोई गांव में रहती है इससे इनकार कर दिया।

## संक्षेप

### गंगा के किनारे रहने वाले लोगों को सता रहा बाढ़ का भय

शुक्लागंज, उन्नाव। केन्द्रीय जल आयोग ने बताया कि शुक्रवार शाम छह बजे गंगा का जलस्तर 111.530 मीटर दर्ज किया गया था। जिसके बाद शनिवार तक स्थिर रहा। जो चेतावनी बिंदु 112 मीटर से 47 सेंटीमीटर दूर है। पानी बढ़ने के कारण तटवर्ती इलाके गोताखोर, मोहम्मद नगर और कर्बला के आस पास निमार्णाधीन प्लाट और मकान पानी से घिरने लगे हैं। वहीं केन्द्रीय जल आयोग ने बताया कि अभी जलस्तर में और बढ़ोत्तरी दर्ज की जायेगी। जिससे तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को पिछले वर्ष की इस वर्ष भी बाढ़ का खतरा सताने लगा है। वहीं पश्चिमी इलाके के कई मोहल्लों के आस पास बाढ़ का पानी भरने से मिश्रा कॉलोनी स्थित नवीन बाढ़ केन्द्र को जिला प्रशासन के निर्देश पर खोला गया है। जहां लेखपाल अशोक सैनी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पांच नावें लगाई गई हैं। वहीं मकानों के आस पास पानी भरने से लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### विद्युत पोल पर गिरा पेड़, मची अफरा-तफरी

शुक्लागंज, उन्नाव। सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र शंकरपुर गांव में रहने वाले सुनीत गुप्ता के घर के सामने अचानक पीपल का पेड़ गिर पड़ा पेड़ गिरने के कारण उसकी चपेट में आकर दो विद्युत पोल भी टूट कर सड़क पर जा गिरे। मुख्य मार्ग होने के कारण सड़क से निकल रहे लोगों में हड़कंप मच गया और भाग कर अपनी जान बचाई। गनीमत रही कि जिस समय पोल टूटा, उस समय आवागमन कम था, नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी। वहीं विद्युत पोल टूटने के कारण गांव की बिजली गुल हो गई। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य शुरू किया। जहां घंटों बिजली न आने से गर्मी और उमस में ग्रामीण बेहाल हो गये।

### नगर पालिका के 28 वार्डों में 107 सड़कों का कराया गया निर्माण कार्य

शुक्लागंज, उन्नाव। शनिवार को गोपीनाथपुरम स्थित पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे के कार्यालय में हुई बैठक के दौरान पालिकाध्यक्ष ने बताया कि पालिका क्षेत्र के 28 वार्डों में तेजी से विकास कार्य कराये जाने रहे हैं। कई अभूतपूर्व कार्य थे, जिन्हें पहले प्राथमिक देकर कराया गया है। इतना ही जनसमस्याओं को देखते हुये उन कार्यों को पहले कराया जा रहा है। जिससे लोगों को समस्याओं से न जूझना पड़े। उन्होंने बताया कि 28 वार्डों में 107 सड़कों का निर्माण कराया गया है। जल निकासी के लिये 29 किलोमीटर नालों की सफाई की गई। उन्होंने बताया कि अंतेष्टि स्थल का जीर्णोद्वार, जल आपूर्ति के लिये वॉटर कूलर लगवाये गये। शहीद स्मारक निर्माण, जल संग्रहण, कचरा प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, आधुनिकीकरण आदि कार्य प्रगति पर हैं। वहीं पालिकाध्यक्ष ने बताया कि आगे आने वाले समय में फोरलेन के दोनों ओर पौधरोपण, वार्ड 11 में सब्जी मंडी, बालूघाट पर ई रिक्शा स्टैंड, ऋषि नगर में लाइब्रेरी, सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन केन्द्र के लिये कार्य किया जा रहा है। वहीं अन्य कार्य भी तेजी से कराये जा रहे हैं।

## बीआरसी केंद्र पर शिक्षकों ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार



नवाबगंज, उन्नाव। विकासखंड के लगभग आधा सैकड़ा शिक्षक संकुल ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। त्यागपत्र खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज के कार्यालय में एकत्र हुए समस्त शिक्षक संकल ने कहा किहम विश्व की अनोखी हड़ताल कर रहे हैं। जिसमें राष्ट्र का नुकसान नहीं हो रहा है। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के लगभग 6 लाख शिक्षकों-शिक्षामित्र-अनुदेशकों की यह हड़ताल ऑनलाइन हाजिरी के विरोध को लेकर है।

इस हड़ताल में सभी शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक समय से विद्यालय आ रहे हैं, उपस्थित पंजिका पर आने-जाने के हस्ताक्षर बना रहे हैं। पूर्ण मनोयोग से बच्चों के साथ पठन-पाठन कर रहे हैं, अधिकारियों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण व बैठकों में सक्रिय प्रतिभाग कर रहे हैं, सरकारी कार्यों को समय से आगे बढ़ा रहे हैं। त्यागपत्र देने के पूर्व लगभग 200 शिक्षक शिक्षिकाओं ने बीआरसी भवन में बैठक की बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष सत्यदेव सिंह ने की।

बैठक का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री विजय सोनी ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ भरत चित्रांशी ने कहा

दुर्गम, असुरक्षित व तमाम असुविधा वाले क्षेत्रों में रहकर शिक्षक-शिक्षिकाएँ कार्य करते हैं। एसी कमरों में बैठकर नित नए आदेश जारी करने वाले उच्च अधिकारियों को उनकी बिल्कुल परवाह नहीं है। यह अधिकारी समाज में शिक्षकों को बदनाम करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। शिक्षक इनकी तानाशाही से परेशान हैं। इनके उलूल-जुलूल आदेशों से परेशान हैं। इसी क्रम में वह इंटरनेट विहीन क्षेत्रों से ऑनलाइन हाजिरी देने के आदेश पर नाराज हैं। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या से सभी परेशान हैं। जमीनी हकीकत जाने बिना यह आदेश शिक्षकों को परेशान करने वाला है।

बैठक को संबोधित करते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष शिव शंकर ने कहा की

अधिकारी, शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों को तरजीह नहीं दे रहे हैं। शिक्षकों से संवाद बंद किए हुए हैं।

बैठक को संबोधन में नवाबगंज विकासखंड के ब्लॉक मंत्री आनंद किशोर सिंह (शौर्य चक्र विजेता) ने कहा कि ऑनलाइन अटेंडेंस देने में हमें कोई आपत्ति नहीं है किंतु पिछले 10 वर्षों से हमारी मांगों पर कोई विचार नहीं किया गया है-

### हमारी प्रमुख मांगे

ऑनलाइन उपस्थिति के सम्बंध में:-

1:- हाफ सीएल का विकल्प दिया जाए

2:- 30 ई0एल0 दिया जाए

3:- प्रतिमाह 5 दिन आकस्मिक परिस्थितियों में देर होने पर छूट

1:- विगत 1.5 वर्ष से गतिमान पदोन्नति प्रक्रिया तत्काल पूर्ण की जाए।

2:- कैशलेश चिकित्सा की सुविधा दी जाए।

3:-पदोन्नति पर न्यूनतम वेतनमान 17140/18150 का लाभ दिया जाए।

4:- जनपद के अंदर शिक्षकों के सामान्य स्थानांतरण किए जाए।

5:- प्रतिवर्ष अंतर्जनपदीय स्थानांतरण किया जाए।

त्यागपत्र देने वालों में शमीम अहमद खान मो हारुन, तनवीर, विनोद शंखवार, भारती सोलंकी, गोपाल, अमित शर्मा, पंकज दीक्षित, सहित लगभग आधा सैकड़ा संकुल शिक्षक रहे

बैठक को संबोधित करने वालों में जूनियर शिक्षक संघ नवाबगंज के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री मनोज यादव राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ विकासखंड नवाबगंज के अध्यक्ष मनोज शुक्ला जिला मीडिया प्रभारी प्राथमिक शिक्षक संघ मदन पांडे अरुण कन्नौजिया शशांक साहू प्रतीक सिंह ब्राह्मण पटेल उर्वशी विभा मिश्रा पीयूष सिंह राजीव सिंह परिहार राजीव गौड़ कुलदीप सिंह प्राथमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष विक्रम सिंह थे तथा

बीआरसी परिसर में ऑनलाइन अटेंडेंस व डिजिटलाइजेशन के विरोध में प्रदर्शन व नारेबाजी करने वाले विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और 200 शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## अवैध खनन कर रहे डंफर व जेसीबी को किया गया सीज




अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। बीती रात पुरवा तहसील क्षेत्र के मंगतखेड़ा कस्बे में शुक्रवार रात जेसीबी व डंपर से अवैध खनन किया जा रहा था। खनन की सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी उदित नारायण सेंगर ने तहसील से टीम भेजकर छापेमारी के निर्देश दिए।तहसील की टीम के मौके पर पहुंचने पर एक जेसीबी व तीन डंपर खनन करते हुए पर गए।टीम ने एसडीएम को जानकारी दी।उपजिलाधिकारी उदित नारायण सेंगर ने कोतवाली पुलिस को मौके पर बुलाकर जेसीबी व डंपर को सीज कर सौंप दिया। वही क्षेत्र के ही डेला मोड़ के पास भी चल रहे खनन की किसी ने जिला खान अधिकारी केबी सिंह को सूचना दे दी।जिस पर खनन अधिकारी मौके पर पहुंच एक जेसीबी व दो डांपरो को पकड़ लिया।जिन्हे पुलिस के सुपुर्द किया गया है। उपजिलाधिकारी उदित नारायण सेंगर ने बताया कि पकड़े गए जेसीबी व डंपरो को सीज कर पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र एक गांव में एक महिला की इलाज के दौरान हुई मृत्यु के बाद महिला के भाई ने थाना पुलिस को तहरीर देकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की, पुलिस द्वारा महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।

सफीपुर थाना क्षेत्र के गांव बोड़ेपुरवा मजरा रूपपुर चंदेला निवासी माधव पुत्र पन्ना ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन नीतू की शादी फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गांव हरदासपुर निवासी अर्जुन पुत्र रामौतार के साथ 12 वर्ष पूर्व हुई थी। बीते शुक्रवार की रात बहन की ससुराल से सूचना मिली कि नीतू की अचानक मौत हो गयी है। परिजनों ने बताया कि नीतू का अचानक स्वास्थ्य खराब हो गया जिस पर ससुराल वाले गुरुवार को बांगरमऊ के एक निजी अस्पताल ले गये। जहां सुधार न होने पर शुक्रवार को कानपुर के एक निजी अस्पताल ले गये।वहां भी फायदा नहीं हुआ।जिसके बाद रात में नीतू की मौत हो गई। वहीं चर्चा हैं कि मृतका चार माह से गर्भवती थी, जिसको पीड़ा होने पर हफीजाबाद में किसी महिला को दिखाया गया उसके जवाब के बाद परिजन बांगरमऊ के आदर्श अस्पताल ले गए, जहां से जवाब हो गया। चर्चा यह भी है कि आदर्श हॉस्पिटल बांगरमऊ में एबॉर्शन भी कराया गया था। जहां हालत बिगड़ने पर उसको अन्य जगह ले जानें के लिए सलाह दी गई थी। यहां से लखन हॉस्पिटल कानपुर ले गए। जहां उसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मृतका तीन बेटियों एवं एक बेटे को विलखता छोड़ गई।

प्रभारी निरीक्षक राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आगे की कार्यवाही जारी है।

## तहसीलदार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावी गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु आज महीने के दूसरे शनिवार को थाना परिसर में समाधान दिवस (थाना दिवस) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जन सामान्य की समस्याएं/ शिकायतें सुनी गयीं। आज प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों में जमीन जायदाद से संबंधित मामले सर्वाधिक रहे।

तहसीलदार रामाश्रय की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में आज फरियादियों की काफी भीड़ रही। तहसीलदार ने थाना दिवस में मौजूद अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं। ताकि शिकायतों की पुनरावृति न हो। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजकुमार, अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद नईम खान सहित पुलिस विभाग के उप निरीक्षक/ दीवान के अलावा राजस्व विभाग के राजस्व निरीक्षक/ लेखपालों के साथ ही नगर पालिका परिषद बांगरमऊ व नगर पंचायत गंजमुरादाबाद के संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।।

*थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस के मौके पर आज फरियादियों की काफी भीड़ रही। भीषण पड़ रही उमस भरी गर्मी में समाधान दिवस में मौजूद लोगों के लिए पंखा, कूलर आदि की कोई व्यवस्था नहीं कराई गई। तथा पेयजल के लिए मात्र दो डब्बा पानी मंगवाकर एक दीवाल पर रखवा कर खाना पूर्ति कर दी गई। लेकिन डिब्बे से पानी पीने के लिए कोई गिलास, मग आदि न होने के कारण थाना दिवस में मौजूद संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों के अलावा फरियादी भी उमस भरी भीषण गर्मी व प्यास से व्याकुल दिखाई दिए। लेकिन थाना दिवस में मौजूद किसी भी अधिकारी का ध्यान इस ओर नहीं गया। उमस भरी भीषण गर्मी में पानी न पी पाने की चर्चा थाना दिवस में मौजूद लोगों में रही।।*

## थाना प्रभारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शासन के निदेर्शानुसार समस्त थानो में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है उसी के क्रम में औरास थाने में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमे खुद थाना प्रभारी ने क्षेत्र से आए हुए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और थाने में मौजूद संबंधित अधिकारी को देकर जल्द से जल्द निस्तारित आख्या उपलब्ध कराने को भी कहा वही। थाना समाधान दिवस में कुल अट्ठारह शिकायते आई जिसमे लगभग सभी राजस्व से संबंधित थी वही तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया कहा वही इस संबंध में थाना प्रभारी औरास अश्वनी कुमार मिश्र ने बताया कि कुल अट्ठारह शिकायते आई थी जिसमे तीन का मौके पर निस्तारण किया गया है बाकी प्रार्थना पत्र संबंधित को देकर जल्द से जल्द कृत कार्यवाही से अवगत कराने को कहा गया है।

## मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के बाद हुआ भंडारे का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। शनिवार को बिल्लेश्वर महादेव मंदिर स्थित छोटी काशी धाम में ग्यारह देवी-देवताओं की मूर्ति स्थापना बाद प्रसाद वितरण किया गया।

स्थानीय बिल्लेश्वर महादेव मंदिर स्थित छोटी काशी धाम के आचार्य श्रीराम विश्वामित्र (11 हजारी) के अनुसार तीन दिवसीय आयोजन में कलश यात्रा, पूजन व शनिवार को पूजन हवन बाद श्री गणेश, भगवान शिव, नंदी, पार्वती, कार्तिकेय, राधाकृष्ण, पंचमुखी हनुमान, मां काली, भैरों बाबा, शनिदेव व खाटू श्याम आदि 11 मूर्तियों की स्थापना बाद विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पं कृष्ण कुमार अवस्थी, राजकुमार मिश्रा, विमलेश मिश्रा, डा यूके सिंह, डा तपन गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि मोहन काका, विमल द्विवेदी, गुड्डू कोटेदार, राहुल, सभासद रंजीत, श्रेय त्रिपाठी, अनूप भाटिया, सौरभ तिवारी, अस्तित्व द्विवेदी, सुधाकर मिश्रा, प्रदीप बाजपेई, कुमुद अवस्थी, महिमा व गरिमा अवस्थी, व दिनेश बाजपेई, होरीलाल ,सहित तमाम महिलाएं मौजूद थीं।

## दो बाइकों की आमने सामने भिंडत, दो घायल

अमन लेखनी समाचार




फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के अन्तर्गत तकिया गौरिया कला रोड पर दो बाईकों की आमने सामने हुई टक्कर में दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए जिन्हें परिजन सी एच सी सफीपुर ले गए जहां से प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गांव जियन खेड़ा निवासी मुंशी लाल अपने साथी रामू के साथ किसी काम से तकिया चौराहे गया था। वापस लौटते समय सामने से तेज रफ्तार से लापरवाही से बाइक चला रहे बाइक सवार ने सीधी टक्कर मुंशी लाल की बाइक में मार दी जिससे मुंशी लाल व उसका साथी गम्भीर रूप से घायल हो गए। दूसरी बाइक पर सवार लोगों को भी चोटें आई लेकिन वह उस समय मौके से भाग निकले।

## किसानों के लिए महंगी साबित हो रही धान की रोपाई

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। बढ़ रही महंगाई को का असर किसानों पर भी भारी पड़ रहा है ग्रामीण क्षेत्रों में धान की रोपाई में मजदूर नहीं मिलने से इस बार किसानो को धान की रोपाई गले की फास बन गई हैं तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र में धान की रोपाई का कार्य जोरों पर है प्रथम बरसात हो गई है मौसम अनुकूल चल रहा है धान की रोपाई का कार्य जोर शोर से प्रारंभ है धान की फसल का दायरा कृषि कार्य में बढ़ गया है छोटे से बड़े किसान समय पर धान की रोपाई कराने हेतु प्रयास कर रहे हैं ग्रामीण क्षेत्रों में जहां आकर्षक लोग जीवकोपार्जन हेतु शहरों में मजदूरी करने चले जाते है गांव में लोगों की संख्या कम है महिलाएं मजदूरी करने दूसरे के खेतों में जाना अब पसंद नहीं करने लगी जिसके कारण छोटे से बड़े किसान धान की रोपाई समय से कराने के लिए अधिक रुपए देकर के मजदूरों को ले जा रहे हैं वहीं मजदूरी अधिक बड़ गई है ट्रैक्टर का किराया भी बढ़ गया है जिससे किसानों के लिए धान की रोपाई महंगी साबित हो रही है गांवो



में कुछ ठेकेदारों द्वारा धान की रोपाई के लिए 4000 ?5000 ले रहे हैं कुछ किसानों धान की रोपाई महंगी होने के कारण अपने खेतों में ऐसे ही धान बोए दे रहे हैं

## आनलाइन उपस्थित के विरोध में शिक्षको ने सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में आज शनिवार को क्षेत्र के समस्त संकुल शिक्षक खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंच सामूहिक त्यागपत्र सौंपा, उधर, खंड शिक्षा अधिकारी मौके पर नहीं थे जिस कार्यालय लिपिक के माध्यम से बीईओ को त्याग पत्र दिया। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के अंतर्गत बेसिक विद्यालयो में विभागीय सूचनाओं का आदान प्रदान कराने वाले संकुल शिक्षक महानिदेशक स्कूल शिक्षा के ऑनलाइन हाजिरी हुआ डिजिटाइजेशन आदि के विरोध में इसे अव्यावहारिक आदेश मानते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी पहुंच विधोर प्रदर्शन किया। शिक्षा क्षेत्र के संकुल शिक्षकों में स समीर गुप्ता, सुधीर कुमार, प्रवीण शुक्ला, सुधीर कटियार, रामौतार, विवेक शुक्ला, ज्ञानेंद्र तिवारी संजय वर्मा, जितेंद्र गोयल, अजीत द्विवेदी, दिनेश कुमार सिंह, सतीश त्रिवेदी, सचिव कुमार रामसेवक, कमलेश अवस्थी, अंकित पटेल, गौरव त्रिपाठी, विकास गुप्ता, चंद्रभूषण आदि 41 संकुल शिक्षकों ने अपने पद से शिक्षक संघ के आवाहन पर सामुहिक त्याग पत्र दे दिया। खंड शिक्षा अधिकारी मौके मौजूद न होने के कारण कार्यालय में तैनात समीर पटेल के माध्यम से सामूहिक त्यागपत्र भेजा गया।

## पुलिस अधीक्षक ने किया जालिमनगर चौकी का आकस्मिक निरीक्षण

### थाना मोतीपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का लिया जायजा

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। शनिवार को पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा थाना मोतीपुर के जालिमनगर चौकी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न व्यवस्थाओं इत्यादि का जायजा लेते हुये जलिमनगर चौकी में पक्का निर्माण करने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ० पवित्र मोहन त्रिपाठी को आगणन तैयार कर मरम्मत कार्य शुरू करवाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही थाने के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेते हुये कप्तान वृंदा शुक्ला ने लोगों के बारे में जानकारी कर बाढ़ क्षेत्र में राहत एवं बचाव कार्य करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ0 पवित्र मोहन त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नानपारा/ मिहींपुरवा राहुल पाण्डेय व थाना प्रभारी मोतीपुर तथा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के सुपासी गांव के रहने वाले युवक का संदिग्ध हालत में शुक्रवार देर शाम घर में फंदे पर शव लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सुपासी गांव के रहने वाले राज नारायण का बयालीस वर्षीय बेटा अखिलेश घर में अकेला रहता था। शुक्रवार देर शाम तक घर से बाहर नही निकला तो पड़ोसियों को आशंका हुई। घर के अंदर जाकर देखा गया तो कमरे में लगे कुंड़े पर रस्सी के सहारे उसका शव फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना पारिवारिक शिवसिंह ने थाना पुलिस में दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को परिजनों को सौप दिया। मृतक अखिलेश के माता पिता नही है। पत्नी काफी समय पहले छोड़ कर चली गई थी। मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने तीन वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों का किया लोकार्पण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल की समाप्ति पर विभिन्न योजनाओं से निर्मित रू0 192.246 लाख की 12परियोनाओं का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सुंदर काण्ड का पाठ आशीष पांडेय सेवा मंडल की तरफ से आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में जिले के अधिकारी गण बी जे पी नेताओ , अधिवक्ताओं, पत्रकारों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया, जिन्होंने जिला पंचायत की विभिन्न योजनाओं और उनके सफल क्रियान्वयन की सराहना की।भाजपा नेता शशांक शेखर सिंह ने आयोजन में शामिल सभी लोगों का आभार प्रकट किया जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह की नेतृत्व क्षमता और उनके कार्यकाल के दौरान किए गए विकास कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं ने जिले के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और आम जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में मदद की है।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सुंदर काण्ड के पाठ और भजन कीर्तन का आनंद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के अन्य सदस्यों और अधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और आगामी योजनाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई लोकार्पण समारोह ने जिला पंचायत के कार्यकाल की उपलब्धियों को उजागर किया और समुदाय के साथ उनकी प्रतिबद्धता को मजबूत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्यों में अशोक सिंह चंदेल ,उपासना यादव ,वृजपाल सिंह अंकुर मौर्य , शैलेन्द्र कुमार ,सुशील चन्द्र शिवेंद्र सिंह,गोलू मनीष सिंह सुभाष सिंह सुनील सिंह रिंकू शुक्ला प्रभात सिंह शैलू चौरसिया रघुवंश मणि त्रिवेदी डाक्टर सुधीर शुक्ला,, प्रदीप तिवारी, बी जे पी नेता के डी त्रिवेदी, पंकज त्रिपाठी , पूर्व ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख मुन्नू सिंह , पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र सिंह , गोविन्द यादव, अनिल कुशवाहा, बाल कल्याण न्यास पीठ की अध्यक्ष प्रीति सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह , नवागत अपर मुख्य जिला पंचायत अधिकारी वर्तिका,रोटरी क्लब के धर्मेंद्र अवस्थी कैप्टन राहुल तिवारी , मनीष पांडे,आशीष बाजपाई अटल समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# सैनिकों की वापसी से रूस से रिश्तों में आएगा नया आयाम

भारत और रूस का रिश्ता सिर्फ पॉलिटिक्स या डिप्लोमेसी या फिर इकोनॉमी का नहीं है, बल्कि ये कुछ ज्यादा ही प्रेम और विश्वास का नाता है। जब पूरी दुनिया हमें जादूगरों और सपेरों का देशकर कहकर नीचा दिखाती थी, तब एकमात्र रूस ही था, जिसने न केवल हमें सहयोग और समर्थन दिया, बल्कि दुनिया को भी भारत का महत्व बताया। इस रिश्ते की शुरूआत आजादी के बाद 1947 में तब शुरू हुई, जब पहली बार भारत ने विजय लक्ष्मी पंडित को रूस (तब सोवियत संघ) का राजदूत बनाया। वहीं रूस ने किरिल नोविकोव को भारत का राजदूत बनाकर दिल्ली भेजा। तब से लेकर हर सुख-दुःख में रूस भारत के साथ खड़ा रहा। रूस ने मुश्किल वक्त में हमारा साथ दिया है। फिर चाहे 1971 का भारत-पाकिस्तान युद्ध हो या फिर कश्मीर का मुद्दा। वहीं भारत ने भी रूस की हरसंभव मदद की है। भारत ने 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में जबरदस्त जीत हासिल की थी। 1971 में भारत ने रूस के साथ एक संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके मुताबिक यदि भारत पर हमला किया जाता है तो इसे सोवियत संघ पर हमला माना जाएगा और इसके लिए सोवियत संघ अपनी सेना भेजेगा। उस वक्त अमेरिका और ब्रिटेन ने पाकिस्तान का पक्ष लिया। दोनों ही युद्ध का परिणाम पाकिस्तान के पक्ष में चाहते थे। 6 दिसंबर को बांग्लादेश को एक स्वतंत्र देश के रूप में भारत ने मान्याता दे दी और उसके बाद अमेरिका ने हस्तक्षेप के लिए अपनी नौसेना के सातवें बेड़े के एक हिस्से को बंगाल की खाड़ी में जाने का आदेश दिया। वहीं ब्रिटेन ने अपने शक्तिशाली युद्धपोत एचएमएस ईगल को अरब सागर की ओर रवाना कर दिया। जवाब में सोवियत संघ ने परमाणु हथियारों से लैस युद्धपोत और पनडुब्बियों को भेजा दिया, जिसे देखकर अमेरिका और ब्रिटेन पीछे हट गए। केवल इतना ही नहीं, जब भारत ने अपने अंतरिक्ष मिशन के लिए अमेरिका से मदद मांगी तो उसने हमारी खिल्ली उड़ाई, लेकिन रूस मददगार बना। भारत आज दुनियाभर में अपनी अंतरिक्ष परियोजनाओं के कारण चर्चा का केंद्र बना हुआ है। एक वक्त ऐसा भी था, जब भारत की मदद के लिए उसके सबसे अच्छे और भरोसेमंद दोस्त रूस ने अपनी भूमिका निभाई थी। आजादी के बाद जब भारत दुनिया के नक्शे पर मजबूती से अपने कदम जमाने की कोशिश कर रहा था। तब तत्कालीन सोवियत संघ ने उसकी मदद की। भारत में आज हम जो औद्योगिकरण देख रहे हैं। उसकी नींव रखने में सोवियत संघ का बड़ा योगदान रहा है। भारत में बोकारो-भिलाई के कारखाने, भाखड़ा-नांगल बांध, हैदराबाद फार्मास्युनटिकल प्लांट, दुर्गापुर संयंत्र जैसी ऐसी कितनी ही मिसाल हैं, जिनकी स्थापना में रूस का बड़ा योगदान दिया। बात चाहे कश्मीर की हो या आधुनिक तकनीक की, रूस हमेशा भारत के साथ खड़ा रहा। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूस दौरे से इन संबंधों को नया आयाम मिलने जा रहा है। दोनों देश कई क्षेत्रों में मिलकर काम करने को तैयार हैं। यहां तक कि पुतिन और नरेंद्र मोदी की बातचीत में युद्ध लड़ रहे 200 से ज्यादा भारतीय सैनिकों के देश वापस आने की भी उम्मीद बंध गई है। दरअसल, 200 से ज्यादा भारतीय रूसी सेना की ओर से यूक्रेन में जंग लड़ रहे हैं। इनमें से 4 जान गंवा चुके हैं। अब उम्मीद है कि जल्द ही ये सैनिक अपने घर वापस आ जाएंगे। इससे दोनों देशों के रिश्तों में एक नया आयाम आएगा।



## विश्लेषण
डॉ. अश्विनी महाजन

# स्टार्टअप्स की घर वापसी सुखद

ऐसी खबरें आई है कि कई भारतीय स्टार्टअप्स, जो पहले विदेशों में फ्लिप कर गए थे, अब भारत लौट रहे हैं, जिसे हम रिवर्स फ्लिपिंग कहते हैं। रिवर्स फ्लिपिंग का मतलब है कि स्टार्टअप्स जिन्होंने अपनी मालिकाना कंपनियों को विदेशी क्षेत्राधिकार में शामिल किया था, वे स्वामित्व को वापस भारत ला रहे हैं। हम इसे घर वापसी कह सकते हैं। यह वाकई एक अच्छी खबर है। भारत से कंपनियों के फ्लिपिंग का पहला और सबसे बड़ा नुकसान संपत्ति और आय पैदा करने वाली संपत्ति का है। हालांकि, यह अच्छी खबर है कि जो फ्लिप कर गए थे वे वापस आ रहे हैं, लेकिन यह चुनौतियों से भरी हुई है। जो वापस फ्लिप कर रहे हैं वे कर का भुगतान करके ही ऐसा कर सकते हैं।

हाल ही में, ऐसी खबरें आई हैं कि कई भारतीय स्टार्टअप्स, जो पहले विदेशों में फ्लिप कर गए थे, अब भारत लौट रहे हैं, जिसे हम रिवर्स फ्लिपिंग कहते हैं। किसी भारतीय कंपनी के फ्लिपिंग का मतलब है एक ऐसा लेन-देन जिसमें प्रमोटर किसी विदेशी क्षेत्राधिकार में अपनी कंपनी को पंजीकृत करता है, जिसे फिर भारत में स्टार्टअप कंपनी की होल्डिंग कंपनी बना दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय स्टार्टअप का अंतिम स्वामित्व विदेशी क्षेत्राधिकार में चला जाता है। इसलिए रिवर्स फ्लिपिंग का मतलब है कि स्टार्टअप्स जिन्होंने अपनी मालिकाना कंपनियों को विदेशी क्षेत्राधिकार में शामिल किया था, वे स्वामित्व को वापस भारत ला रहे हैं। हम इसे घर वापसी कह सकते हैं। यह वाकई एक अच्छी खबर है।

जिन महत्वपूर्ण स्टार्टअप्स ने वापस फ्लिप किया है, उनमें फ़ोनपे और ग्रो शामिल हैं। इनके अलावा, वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली फ्लिपकार्ट ने भी अपनी मूल इकाई को सिंगापुर से फिर से भारत में लाने के लिए बातचीत शुरू की है। ज़ेप्टो और रेज़र पे भी वापस फ्लिप करने की कोशिश कर रहे हैं। पाइन लैब्स को भी सिंगापुर स्थित इकाई के विलय के लिए सिंगापुर कोर्ट से मंजूरी मिल चुकी है। फ्लिप करने वालों के पसंदीदा गंतव्य सिंगापुर, मॉरीशस, केमैन आइलैंड और यूनाइटेड किंगडम थे, जबकि भारतीय स्टार्टअप फ्लिपिंग के माध्यम से भारत के विनियामक दायरे से बाहर हो गए थे, उन्होंने अब एक व्यावसायिक रणनीति के रूप में 'रिवर्स फ्लिपिंग' के माध्यम से भारतीय विनियामक ढांचे के तहत आना चुना है। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण बदलाव है, जिसके कारणों और प्रभावों को समझने की आवश्यकता है। गौरतलब है कि फ्लिप करने वाले स्टार्टअप वो हैं जिनके प्रमोटर भारत से हैं और उन्होंने भारतीय संसाधनों-मानव, पूंजी और सरकारी सहायता से अपना कारोबार खड़ा किया। फ्लिप करने का पहला कारण यह है कि वे भारतीय नियामक प्रणाली, भारतीय कर कानूनों और भारतीय अधिकारियों की जांच से बचना चाहते थे। दूसरा कारण यह है कि विभिन्न अंतरराष्ट्रीय निवेशक उन कंपनियों को विदेश में फ्लिप करने के लिए मजबूर करते हैं जहां वे अपना पैसा लगाते हैं। ज़्यादातर वे इन स्टार्टअप में निवेश करने से पहले इसे एक पूर्व शर्त के रूप में रखते हैं और चाहते हैं कि इन स्टार्टअप का डेटा और बौद्धिक संपदा विदेश में हो। तीसरा, अमेरिका, सिंगापुर जैसे कई देशों ने स्टार्टअप और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए कई अनुकूल नीतियां बनाई हैं, जैसे कि कॉर्पोरेट टैक्स की कम दर, स्थिर जीएसटी, शून्य पूंजीगत लाभ कर दर, दोहरे कर से बचाव संधियां आदि। चौथा, ये स्टार्टअप अपने शेयरों को विदेश में सूचीबद्ध करना चाहते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि अभिनव विचारों को बेहतर मूल्यांकन मिलता है। स्पेशल पर्पस एक्विजिशन कंपनी (एसपीएसी) एक ऐसा मॉडल है जिसने कई स्टार्टअप को अपनी होल्डिंग कंपनियों को अमेरिका में सूचीबद्ध करने के लिए आकर्षित किया है।

अंतिम लेकिन अत्यधिक महत्वपूर्ण कारण है कि, कराधान के मामले में भारतीय घरेलू निवेशकों के लिए



समान अवसर की कमी थी, इसलिए विदेशी निवेशकों ने भारतीय निवेशकों की तुलना में ज़्यादा लाभ उठाया।

भारत से कंपनियों के फ्लिपिंग का पहला और सबसे बड़ा नुकसान संपत्ति और आय पैदा करने वाली संपत्ति का है। जब कोई भारतीय कंपनी विदेशी क्षेत्राधिकार में शामिल किसी कंपनी की सहायक कंपनी बन जाती है, या दूसरे शब्दों में, एक विदेशी कंपनी बन जाती है, तो सरकार न केवल पूंजीगत लाभ कर राजस्व का अवसर खो देती है, बल्कि स्टॉक एक्सचेंजों पर कंपनी की लिस्टिंग से संभावित पूंजी निर्माण से भी वंचित हो जाती है। दूसरा, देश की बौद्धिक संपदा विदेशी देशों को हस्तांतरित हो जाती है और डेटा पर अधिकार भी विदेशियों को मिल जाता है। गौरतलब है कि इन स्टार्टअप्स का कारोबार हर साल 100 से 200 प्रतिशत की दर से बढ़ता है। बौद्धिक संपदा में भविष्य की वृद्धि और विस्तार के सभी लाभ भी विदेशी देशों को हस्तांतरित हो जाते हैं। तीसरा, फ्लिप करने वाले स्टार्टअप भारतीय कर क्षेत्राधिकार और अन्य विनियामक ढांचे से बाहर हो जाते हैं और इस तरह वे अपने भारतीय समकक्षों पर बढ़त हासिल कर लेते हैं। चौथा, चूंकि फ्लिप किए गए स्टार्टअप का मुख्यालय विदेश में होता है, इसलिए उनके फंड के स्रोत को जानना मुश्किल हो जाता है। पांचवां, हमारे स्टार्टअप के फ्लिप करने का नुकसान यह भी है, कि इससे भारतीय शेयर बाजार की वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। सरकार का दावा है, और शायद यह सही भी है कि भारत की मजबूत वृद्धि घरेलू स्टार्टअप के रूप में 'रिवर्स फ्लिपिंग' की प्रवृत्ति को जन्म दे रही है, जो कभी पूंजी तक पहुंच और कर लाभ के लिए विदेश जाते थे, अब घर लौट रहे हैं। विकास और तकनीकी विकास के साथ, कई अन्य कारण भी हैं, जो इस रिवर्स फ्लिपिंग को चलाते हैं। सबसे पहला कारण यह है कि भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम ने पिछले एक दशक में महत्वपूर्ण परिपक्वता प्राप्त की है। अब उद्यमियों के लिए अधिक सहायक वातावरण है फंडिंग, प्रतिभा और बुनियादी ढांचे तक बेहतर पहुंच है। दूसरा, भारत अपने विशाल और बढ़ते उपभोक्ता बाजार के कारण तेजी से व्यवसाय शुरू करने और विस्तार करने के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनता जा रहा है। तीसरा, भारत की उद्यम पूंजी और निजी इक्विटी पारिस्थितिकी तंत्र भी काफी विकसित हुआ है, जो पूंजी की तलाश करने वाले स्टार्टअप्स के लिए पर्याप्त फंडिंग के अवसर प्रदान करता है। चौथा, पहले घरेलू वीसी के लिए समान अवसर की कमी थी, क्योंकि वे अपने विदेशी समकक्षों की तुलना में अधिक कर का भुगतान कर रहे थे, लेकिन वित्त अधिनियम 2021-22 के माध्यम से सरकार ने भारतीय वीसी के लिए भी पूंजीगत लाभ पर अधिभार 37 से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। एक महत्वपूर्ण कारण है कि, गिफ्ट सिटी की नीति ने भारतीय स्टार्टअप परिदृश्य में भी एक बड़ा बदलाव लाया है, क्योंकि उन्हें अपने शेयरों को विदेशों में सूचीबद्ध करने के लिए फ्लिप नहीं करना पड़ता है; वे गिफ्ट सिटी के माध्यम से अपने शेयरों को सूचीबद्ध करके समान उद्देश्य प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि, यह अच्छी खबर है कि जो लोग फ्लिप कर गए थे वे वापस आ रहे हैं, लेकिन यह प्रक्रिया चुनौतियों से भरी हुई है। यह ध्यान रखना है कि जो लोग वापस फ्लिप कर रहे हैं वे केवल कर का भुगतान करके ही ऐसा कर सकते हैं।


ओला कैब्स के संस्थापक भाविश अग्रवाल ने 'एक्स' पर कहा है, 'जिस भी उद्यमी ने ऐसा किया, उसे इसका पछतावा हुआ। भारतीय व्यवसाय के लिए विदेशी निवास पर विचार करने वाले किसी भी उद्यमी को उस मूल सिद्धांत पर टिके रहना चाहिए, जहां आप और आपकी कंपनी का संबंध है।' समझा जा सकता है कि ये उद्यमी या स्टार्टअप जो वापस फ्लिप कर रहे हैं, वास्तव में इस बात का पछतावा कर रहे हैं कि उन्होंने पहले फ्लिप क्यों किया।

## सारा संसार



अमृतसर का स्वर्ण मंदिर केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया का मशहूर मंदिर है जिसकी गिनती भारत के सबसे चमत्कारिक मंदिर में की जाती है। बहुत कम लोग जानते हैं लेकिन इस मंदिर को हरमंदिर साहिब के नाम से भी जाना जाता है। कहने को तो ये सिखों का गुरुद्वारा है, लेकिन मंदिर शब्द का जुड़ना इसी बात का प्रतीक है कि भारत में हर धर्म को एकसमान माना गया है।

# आत्मबल प्राप्त होगा ईश्वर के सान्निध्य में



संकलित
दर्शन

जब व्यक्ति किसी कार्य को करने चलता है, तो उसके मन-हृदय में बारंबार विचार-भाव उठते हैं कि वह कार्य करें या नहीं, उससे होगा या नहीं और परिणाम भी सफलता और असफलता के रूप में सामने आता है। किसी कार्य को करने के लिए बल की आवश्यकता होती है। इसके बिना उसको गति देना असंभव है। कई बार किसी कार्य को करते समय नाना-प्रकार के संकट उसमें बाधा बन खड़े हो जाते हैं। ऐसे में कोई व्यक्ति उस कार्य को बीच में ही छोड़ देता है। परिणामस्वरूप उसे असफलता हाथ लगती है। असफलता यह सिद्ध करती है कि अमुक कार्य को पूरे मनोयोग से नहीं किया गया। मनोयोग का अर्थ होता है-तन, मन और हृदय से समर्पित होकर किसी कार्य को करना। किसी कार्य में सफल होने के लिए व्यक्ति में मानसिक संतुलन, विश्वास, जिज्ञासा, लगन, संघर्ष करने की क्षमता और तन्मयता जैसे गुणों का होना जरूरी होता है। इनकी प्राप्ति आत्मबल से होती है। आत्मबल की प्राप्ति के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाना पड़ता है। सान्निध्य पाने के लिए ईश्वर का विश्वास आवश्यक है। विश्वास पाने के लिए तप-साधना करनी पड़ती है। चूंकि आत्मबल में ईश्वर की शक्ति निहित होती है, इसीलिए इसे ब्रह्मबल भी कहते हैं। आत्मबल से संपन्न मनीषी के लिए कोई कार्य असंभव नहीं रहता है। उसका कोई कार्य बीच में नहीं रुकता है। जब शरीरबल और मनोबल टूट जाता है तो उस समय आत्मबल सहारा देता है।

# कोयल- अपनी वाणी को मधुर बना लेना



संकलित
प्रेरणा

एक बार वसंत ऋतु में एक कोयल वृक्ष पर बैठी कूक रही थी। आते-जाते लोग उसकी कूक को सुनते और उसकी सुरीली आवाज का आनंद लेते हुए उसकी तारीफ के पुल बांधते। कुछ देर बाद कोयल के सामने एक कौआ तेज गति से आया। कोयल ने उससे पूछाः इतनी तेज गति से कहां जा रहे हो? कुछ देर बैठो, बातें करते हैं। कौए ने उत्तर दियाः कि वह जरा जल्दी में है और देश को छोड़कर परदेस जा रहा है। कोयल ने इसका कारण पूछा तो कौआ बोलाः यहां के लोग बहुत खराब हैं। सब तुम्हें ही चाहते हैं। सभी लोग सिर्फ तुम्हारा आदर करते हैं। वह यही चाहते हैं कि तुम हमेशा की तरह इसी प्रकार से उनके क्षेत्र में गाती रहो। वहीं जहां तक मेरी बात है तो मुझे कोई देखना तक नहीं चाहता। यहां तक कि मैं किसी की मुंडेर पर बैठता हूं तो मुझे कंकड़ मारकर वहां से भगा दिया जाता है। मेरी आवाज भी कोई नहीं सुनना चाहता। जहां मेरा अपमान हो, मैं ऐसे स्थान पर एक क्षण भी नहीं रहना चाहता। ज्ञानियों ने भी हमें यही शिक्षा दी है कि अपमान की जगह पर नहीं रहना चाहिए। यह सुनकर कोयल बोली, परदेस जाना चाहते हो तो बड़े शौक से जाओ। यह पूरी तरह से तुम्हारी इच्छा पर निर्भर है। लेकिन एक बात का सदैव ध्यान रखना कि वहां जाने से पहले अपनी आवाज को बदल लेना। अपनी वाणी को मधुर बना लेना। यदि तुम्हारी वाणी ठीक वैसी ही कठोर रही, जैसी यहां पर है तो परदेस में भी लोग तुम्हारे साथ वही व्यवहार करेंगे जो अभी हो रहा है। संसार जो है, जैसा भी है, उसे बदला नहीं जा सकता।

## विडंबना
सोनम लववंशी




# धर्मस्थलों पर बदइंतजामी से हादसे

हाथरस में सत्संग समापन के बाद मची भगदड़ में कई लोगों की जान चली गई। इस घटना ने न केवल विचलित किया है बल्कि ऐसे आयोजनों को लेकर कई सवाल भी खड़े कर दिए। विडंबना देखिए कि जो बाबा खुद को भगवान मानता है, लोगों को जीवन दान देने का दावा करता है। वही इनकी मौत की वजह बन गया। खुद को गरीबों का मसीहा बताने वाला बाबा घटना के बाद से फरार है। यहां तक कि मासूम लोगों की चीख पुकार सुनने के लिए प्रशासन की व्यवस्था भी माकूल नहीं थी। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ डिजास्टर रिस्क रिडक्शन के अध्ययन की मानें तो भारत में भगदड़ के 79 फ़ीसदी मामले धार्मिक सभाओं या तीर्थ यात्राओं के दौरान होते हैं। किसी भी धार्मिक सभा के आयोजन से पूर्व प्रशासन से अनुमति लिए जाने का नियम है तो फिर क्यों ऐसे आयोजनों में नियमों की अनदेखी की जाती है? ऐसे हादसों के कारण इन आयोजनों में सुरक्षा उपाय की अनदेखी पर सवाल उठाते हैं? सवाल तो यह भी है कि 17 साल पहले पुलिस की नौकरी छोड़ कथा वाचक बने बाबा में ऐसा क्या सम्मोहन था कि उत्तर प्रदेश ही नहीं मध्य प्रदेश, हरियाणा तक के श्रद्धालु भारी संख्या में बाबा की एक झलक पाने के लिए पहुंच गए? इस घटना के बाद प्रशासन द्वारा जांच, मुआवजा और कार्रवाई की बात कही जा रही है, लेकिन उन परिवारों का क्या जिन्होंने अपनों को खोया है? क्या मुआवजे का मरहम उन परिवारों का दर्द भर पाएगा? सवाल तो यह भी है कि इतने बड़े आयोजनों में पुलिस प्रशासन की कोई जवाबदेही नहीं होती क्या? जाहिर सी बात है कि हर घटना की तरह इस हादसे की भी लीपापोती शुरू कर दी गई है। तभी तो इतनी मौत के दोषी बाबा के नाम पर एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई। क्या बिना राजनीतिक संरक्षण के ऐसे बाबाओं की दुकान फल- फूल सकती है। सवाल बहुतेरे हैं, लेकिन जवाब किसी के पास नहीं। सवाल तो यह भी है कि ऐसे हादसों के हो जाने के बाद ही पुलिस प्रशासन क्यों जगाता है? क्यों पिछले हादसों से जिम्मेदार कोई सबक नहीं सीखते। सैकड़ों की संख्या में हुई मौत का जिम्मेदार आखिर कौन है? भारत में धार्मिक आयोजनों में इस तरह के हादसों की एक लम्बी फेहरिस्त है। बीते दिनों मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर के बेलेश्वर महादेव मंदिर में रामनवमी के दिन एक बावड़ी की छत ढहने से 30 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के समय वहां धार्मिक आयोजन चल रहा था। इससे पहले जनवरी 2022 में वैष्णो देवी मंदिर में मची भगदड़ में 10 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। अक्तूबर 2018 में पंजाब के अमृतसर में दशहरे पर रावण दहन को देखने में भीड़ रेलवे ट्रैक पर आ गई। इस दौरान ट्रेन की चपेट में आकर 60 लोगों की मौत हो गई थी।

# "भाजपा करें अपने कार्यकर्ताओं पर विश्वास"

हिन्दी दैनिक अमन लेखनी लखनऊ




आज का उपचुनाव परिणाम भाजपा के लिए बहुत चिंता का विषय है। चुनाव परिणाम देखकर भाजपा को बहुत विचार करने की आवश्यकता है साथ ही हार की समीक्षा करने की भी आवश्यकता है। आज पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की वह बात याद आ रही है उन्होंने कहा था ₹मेरी एक बात गांठ बांधकर रख लेना हमारा एक भी पुराना कार्यकर्ता टूटना नहीं चाहिए चाहे नए 10 टूट जाए क्योंकि पुराना कार्यकर्ता हमारे जीत की गारंटी है और नए पर विश्वास करना जल्दबाजी होगी₹ लेकिन आज के समय में लगता है भाजपा स्वर्गीय अटल जी की वह बात भूल गई है और उनके वाक्य को पूरी तरह से विपरीत कर दिया है ₹पुराने कार्यकर्ता भले सौ टूट जाए लेकिन भाजपा में नए को लाकर सरकार बनाओ₹ यही कारण रहा की आज उपचुनाव परिणाम इस प्रकार का देखने को मिला है। अगर आगे भी इसी तरह चलता रहा तो आने वाले समय में भाजपा को और गंभीर परिणाम देखने को मिलेंगे। भाजपा का पुराना कार्यकर्ता आज भी पूरी निष्ठा के साथ भाजपा से जुड़ा हुआ है, वह काम नहीं कर रहा है, घर पर चुपचाप बैठा है लेकिन भाजपा को नुकसान नहीं पहुंचा रहा है। पुराने कार्यकर्ता जो पहले जनमानस को जागरण करने का काम करते थे वह आज चुपचाप घर पर बैठे देख रहे हैं, क्योंकि उनकी उपेक्षा की जा रही है। पुराने कार्यकताओं को कोई पूछ नहीं रहा है इसलिए पुराना कार्यकर्ता उदासीन है। लोकसभा चुनाव परिणाम देखने के बाद भी भाजपा नेतृत्व को कोई प्रभाव नहीं पड़ा। अब भी वह दूसरों पर ही भरोसा करता जा रहा है, बाहरी लोगों को भाजपा में लाने की होड़ लगी पड़ी है लेकिन जो भाजपा का मूल कार्यकर्ता है उसकी ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है, उसकी कोई बात सुन नहीं रहा है केवल और केवल उसकी उपेक्षा ही की जा रही है। भाजपा को जमीन से उठाकर आकाश तक ले जाने वाले कार्यकताओं को दरकिनार कर दिया गया है जो भाजपा और कार्यकताओं को गालियां देते थे ऐसे लोगों को भाजपा में शामिल किया जा रहा है, उनका महिमा मंडन किया जा रहा है उसी का परिणाम है कि आज उपचुनाव परिणाम में 13 सीटों में से भाजपा को केवल दो सीट पर ही जीत हासिल हुई है। अभी भी समय है भाजपा को अपनी हार की समीक्षा करना चाहिए और दूसरों पर भरोसा छोड़ अपने पुराने कार्यकताओं पर भरोसा करना चाहिए। अगर ऐसा नहीं किया गया तो इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों में भी भाजपा को कुछ ऐसे ही परिणाम देखने को मिलेंगे। अगर गलती से भी एक बार केंद्र से भाजपा की सरकार चली गई तो आने वाले 25 वर्षों तक कड़ी मेहनत और संघर्ष करना पड़ेगा तब जाकर भाजपा दोबारा केंद्र में चुनाव जीत पाएगी। अब समय आ गया है भाजपा को अपने संगठन में बड़े बदलाव करने का, संगठन को मजबूत करने का तथा पुराने कार्यकताओं को साथ में जो ला सके, सभी को एक मंच पर बिठा सके ऐसे नेतृत्व का, भाजपा को अपने केंद्रीय नेतृत्व में बदलाव करना चाहिए। भाजपा केंद्रीय नेतृत्व बदलाव करने में जितना ज्यादा समय लगाएगी भाजपा को उतना ही ज्यादा नुकसान होने की संभावना है। भाजपा को बिना देर किए अपने शीर्ष नेतृत्व में तुरंत बदलाव कर आगामी चुनाव के लिए पूरी ताकत के साथ जुट जाना चाहिए और अपने पुराने निष्ठावान कार्यकताओं को जिम्मेदारी देकर उन्हें आगे बढ़ना चाहिए। क्योंकि पुराने कार्यकर्ता ही भाजपा के जीत की गारंटी है।



लेखक :---बालकृष्ण उपाध्याय

## ट्रेंड

### चिंतन शिविर मंत्र पर पुस्तक



लोक प्रशासन में निर्णय लेने की हमारी प्राचीन एवं वैदिक प्रणाली रही है। जिसको पुनः स्थापित करते हुए पीएम मोदी ने 'चिंतन शिविर' का मंत्र दिया है। इन शिविरों के अनुभवों और सफलताओं को संकलित करते हुए मैंने 'चिंतन शिविर-लोक प्रशासन का मोदी मंत्र' पुस्तक लिखी है।

-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री

### लोगों के जीवन में तबाही



एक अकेला, सब पर भारी! पीएम मोदी ने नोटबंदी, त्रुटिपूर्ण जीएसटी और अनियोजित कोविड लॉकडाउन के विनाशकारी फैसलों से भारतीय अर्थव्यवस्था पर तबाही मचाई! परिवारों को नष्ट कर दिया और करोड़ों लोगों के जीवन में तबाही मचा दी!

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### अशक्त और मजबूर मुख्यमंत्री



पूरे विश्व में इतना असहाय, अशक्त, अक्षम, विवश, बेबस, लाचार और मजबूर कोई ही मुख्यमंत्री होगा जो बीडीओ, एसडीओ, थानेदार से लेकर वरीय अधिकारियों और यहाँ तक कि संवेदक के निजी कर्मचारी के सामने बात-बात पर हाथ जोड़ने और पैर पड़ने की बात करता हो?

-तेजस्वी यादव, राजद नेता

### कॉर्पोरेट करियर के चरण



कॉर्पोरेट करियर के चरण: प्रवेश स्तर : मैं तेजी से और सुंदर स्लाइड बनाता हूं। मध्य स्तर : मैं दूसरों से तेज और सुंदर स्लाइड बनवाता हूँ। वरिष्ठ स्तर: मैं ग्राहकों को यह विश्वास दिलाता हूं कि ये स्लाइड्स उनके व्यवसाय को बदल देंगी।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## संक्षेप

### आकाशीय-बिजली की चपेट में आने से 2 महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, अमेठी में दोपहर बाद हुई बारिश दो परिवारों के लिए काल बन गई। बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से दो महिलाओं की मौत हो गई। मौत के बाद परिवारीजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटना मुंशीगंज थाना क्षेत्र के हतवापुर मजरे कुडवा गांव निवासी गुड्डा देवी धान की रोपाई के लिए बेरन लेकर खेत जा रही थी। इसी दौरान उस पर बिजली गिर पड़ी। बिजली की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गई। आस-पास मौजूद लोगों की चीख-पुकार पर पहुंचे। परिजन आनन-फानन में गुड्डा देवी को मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना जायस थाना क्षेत्र की है। थाने के पूरे लोधन मजरे बहादुरपुर गांव की मायावती (50) बुधवार को घर के थोड़ी दूर स्थित खेत से धान की रोपाई करने गई थी। इसी बीच बिजली की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। मायावती की मौत की सूचना पाकर लोग भागकर मौके पर पहुंचे। मृतका के पति राम ललन ने बताया कि इस समय धान की रोपाई चल रही है। बुधवार की शाम करीब चार बजे उनकी पत्नी खेत में काम कर रही थी। तभी बारिश के दौरान बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई। मायावती के मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दोनों घटनाओं में सूचना के बाद पहुंचे पुलिसकर्मियों ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। राजस्व कर्मी रिपोर्ट तैयार कर पीड़ित परिवारों को शासन द्वारा निर्धारित सहायता दिलाने की कोशिश में जुटे हैं। आपदा विभाग के प्रदीप कुमार ने बताया कि बुधवार को बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत होने की सूचना मिली है। इससे पहले जिले में बिजली गिरने से चार लोगों की मौत हो चुकी है। सूचना के बाद मौके पर राजस्व कर्मी गए हैं। राजस्व कर्मियों की रिपोर्ट मिलने के बाद पीड़ित परिवारों को सरकारी सहायता प्रदान की जाएगी।

### युवक पर दबंगों ने बोला हमला

अमन लेखनी समाचार

हसनपुर, रहरा थाना क्षेत्र के गांव में बहन की बारात चढ़त के दौरान डांस कर रहे युवक अनमोल पर दबंगों ने हमला बोल दिया। जिसमें वह लहूलुहान हो गया। परिजन घायल को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। वहीं पुलिस ने घायल को मेडिकल परीक्षण को भेज दिया और पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है। देर शाम को रहरा थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर गुर्जर निवासी धनपाल का आरोप है कि उसके चचेरे भाई अनमोल पुत्र बीरबल की बहन की शाम को बारात चढ़ रही थी। इस दौरान अनमोल भी बारात चढ़त के दौरान डांस कर रहा था। वहीं किसी बात को लेकर गांव के ही दो दबंगों ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अनमोल के साथ लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। देखते ही देखते अनमोल लहूलुहान हो गया।

## संघर्ष ही नहीं कड़ी मेहनत के बाद पहुंची हूं इस मुकाम पर: एसपी वृंदा शुक्ला

### मेधावी छात्र छात्राओं को लैपटॉप एवं प्रशस्ति पत्र देकर एसपी ने किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल




मोतीपुर, बहराइच। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के जंगल से सटे ग्राम सेमरहना गांव में स्थापित एसपीबीपी इंटर कॉलेज में शनिवार को विद्यालय परिसर में आयोजित संवाद एवं मेधावी छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करने के लिए एसपीबीपी इंटर कॉलेज में जनपद बहराइच की तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान चंद्रदेव कुशवाहा ने किया। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं बैच लगाकर सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों से सीधा संवाद कर पुलिस अधीक्षक ने अपनी जीवन के प्राइमरी शिक्षा से लेकर पद ग्रहण करने तक की मेहनत का वर्णन किया। जिसमें उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि संघर्ष न करके हमने मेहनत की है। जिससे आज हम इस मुकाम पर पहुंचे हैं। आपको भी संघर्ष न करके मेहनत करनी है और मेहनत से ही सब कुछ संभव है। शिक्षा एक ऐसी चाबी है जिससे सभी बंद ताले खोल सकते हैं बड़े से बड़ा पद ग्रहण करने के लिए शिक्षित होना अति आवश्यक है। इस कार्यक्रम में विद्यालय में अध्यनरत 04 छात्र एवं छात्राओं कक्षा 10वीं में 02 जागृति मौर्या एवं अनुष्का मौर्या, 12 वीं की 02 विज्ञान वर्ग में अभिप्रिया कुशवाहा एवं कला वर्ग अमित कुमार को लैपटॉप एवं मेडल पहनाकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पांडेय, मोतीपुर थाना प्रभारी दद्दन सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य दुर्गेश कुमार कुशवाहा, प्रबधक अनिल कुशवाहा, राजेंद्र गुप्ता, विपिन कुमार, धीरज कुमार, जयराम, सुधीर सिंह, अमरनाथ वर्मा, मिहींपुरवा के प्रतिष्ठित व्यवसाई मुन्ना मोदी, बाबूलाल शर्मा, सोमवर्धन पांडेय, पिन्टू मौर्य, राईस खान, चौकी इंचार्ज दिवाकर तिवारी एवं पुलिस फोर्स के साथ महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

## चिरैय्याटांड पावर स्टेशन पर स्थापित हुआ दस एमवीए का ट्रांसफार्मर



### पूर्व में स्थापित था पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। चिरैय्याटांड विद्युत केन्द्र से पोषित विद्युत उपभोक्ताओं को शासन की मंशानुरूप अच्छी गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराए जाने के उद्देश्य से विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी के प्रयास से यहां पर 10 एमवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर की स्थापना की गई है। इससे पूर्व इस विद्युत स्टेशन पर 05 एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर स्थापित था। विद्युत केन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत सत्य प्रकाश, अधि.अभि. विद्युत कैसरगंज सौरभ निगम व बहराइच के शैलेंद्र कुमार, अवर अभियंता गजेंद्र मौर्या, क्षेत्रीय गणमान्य व संभ्रान्तजनों की मौजूदगी में फीता काटकर व स्वीच ऑन कर ट्रांसफार्मर का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्युत उपभोक्ताओं को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तायुक्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाय।

## थाना समाधान दिवस में पहुंचे एसडीएम

### राजस्व मामले जल्द निस्तारित करें पुलिसकर्मी: एसडीएम

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। थाना समाधान दिवस कैसरगंज कोतवाली में शनिवार के दिन उप जिलाधिकारी कैसरगंज पंकज दीक्षित एवं नायब तहसीलदार बरम्मदीन यादव के जेरे निगरानी में संपन्न हुआ। थाना दिवस में आए फरियादियों की एसडीएम कैसरगंज ने गंभीरता पूर्वक फरियाद सुनी एवं संबंधित राजस्व कर्मी को सख्त दिशा निर्देश जारी किए। काश्तकार के राजस्व संबंधी मामले को तत्काल प्रभाव से पुलिस की सहायता लेकर जल्द से जल्द निस्तारित करें। किसी भी मामले को समय नियत तिथि के अंदर ही निस्तारित करें, किसी भी मामले को ज्यादा लेट ना करें और जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता है वहां पुलिस पर पूरी भरपूर तादाद में लेकर जाएं और सभी वादों का निस्तारण नियत समय के अन्दर करें।



इस मौके पर राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, कानूनगो, नायब तहसीलदार ब्राह्मणदीन, कैसरगंज इंस्पेक्टर राजनाथ सिंह आदि मौजूद रहे।

## मिल्कीपुर तहसीलदार के खिलाफ अधिवक्ताओं में आक्रोश

### लगाए भ्रष्टाचार के आरोप, दो दिन की सांकेतिक हड़ताल पर गए वकील

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, मिल्कीपुर तहसीलदार के खिलाफ अधिवक्ताओं में आक्रोश है। उन्होंने तहसीलदार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। साथ ही दो दिन के लिए सांकेतिक हड़ताल पर हैं। तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह के खिलाफ संगठन के साथी अधिवक्ता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र को लेकर अधिवक्ता संघ की मीटिंग में जोरदार हंगामा हुआ। मामले की जांच को लेकर संगठन के तीन अधिवक्ताओं की एक कमेटी गठित कर दी गई है। संगठन के अध्यक्ष दिनेश कांत यादव ने मामले को लेकर तहसील स्थित समस्त न्यायालय पर दो दिन सांकेतिक कार्य बहिष्कार एवं हड़ताल का ऐलान कर दिया है। अधिवक्ता अशोक कुमार श्रीवास्तव द्वारा मिल्कीपुर तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह के खिलाफ एक शिकायती पत्र दिया। जिसमें भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया और कई साक्ष्य भी दिए गए। जिसको लेकर अधिवक्ता संघ की आपात बैठक बुलाई गई। अधिवक्ताओं ने तहसीलदार पर निरंकुशता व मनमानी का आरोप जड़ा। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि जो गांव चकबंदी प्रक्रिया से सीधे तहसील शिफ्ट कर दिए गए हैं। उन गांव के खतौनी में दर्ज अमल दरामद आदेशों का अनुपालन नहीं कराया जा रहा है। जबकि चकबंदी आयुक्त से लेकर जिला अधिकारी तक का आदेश है। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि पूर्व में इन्हीं अधिवक्ता के आरोप को लेकर उनके न्यायालय का बहिष्कार हुआ था। जहां एसडीएम के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हो सका था। अधिवक्ताओं की राय जानने के बाद संगठन के अध्यक्ष दिनेश कांत यादव ने मामले को लेकर तीन अधिवक्ताओं अमरजीत सिंह, पवन कुमार शुक्ला एवं राजेंद्र प्रसाद चौरसिया की संयुक्त जांच कमेटी गठित कर दी। अध्यक्ष दिनेश कांत यादव ने बताया कि फिलहाल मामले को लेकर तहसील परिसर स्थित समस्त न्यायालयों का दो दिन के लिए सांकेतिक बहिष्कार किया गया है।

## पावर हाउस कैसरगंज का नहीं उठता फोन




अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। विद्युत विभाग कैसरगंज में स्थापित सीयूजी नंबर 80049 17110 जब भी मिलाएं तो बात होना असंभव की बात है। अगर खुदा ना खास्ता कभी आपको तत्काल में बिजली विभाग की मदद लेनी पड़े या मार्केट में कहीं फाल्ट हो जाए या बिजली से कहीं आग लग जाए तो बिजली विभाग के कर्मचारियों से बात होना असंभव है। शासन की धज्जियां उड़ाते कैसरगंज में तैनात विद्युत विभाग के कर्मचारी कई महीनो से खराब व बंद मोबाइल नंबर व मोबाइल का कर रहे इस्तेमाल और नहीं ध्यान दे रहे अधिकारी। सब अपने-अपने चक्कर में मस्त रहते हैं। फोन से सही मायने में बात ना होना कभी भी बहुत बड़ी घटना घटित हो सकती है, और जब बिजली विभाग को खबर होगी तब तक बहुत देर हो चुकी होगी।

## अमेठी में निकाली गई जन जागरूकता रैली

### 31 जुलाई तक मनाया जाएगा जनसंख्या पखवाड़ा, जिपं अध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में आज विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर संयुक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज से जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा को लेकर निकाली गई जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पीके उपाध्याय, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राम आसरे सरोज, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम बसंत कुमार राय, जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ अर्चना श्रीवास्तव, संगिनी एवं आशा कार्यकत्री उपस्थिति रहीं। सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने कहा कि विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा 11 से 31 जुलाई 2024 तक मनाया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से लक्षित दंपती को परिवार नियोजन की आवश्यकता और महत्त्व की जानकारी देने के साथ उन्हें परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने के बारे में भी प्रेरित किया जाएगा और परिवार नियोजन साधनों पर जानकारी दी जाएगी। आशा द्वारा दंपती संपर्क पखवाड़ा और सेवा प्रदायगी पखवाड़े में परिवार नियोजन सेवाओं से संबंधित सभी तैयारियां, आशाओं द्वारा परिवार नियोजन परामर्श पर इच्छुक लाभार्थी का मोबिलाइजेशन प्री- रजिस्ट्रेशन कर स्वास्थ्य इकाई पर परिवार नियोजन सेवाएं प्रदान की जाएगी। परिवार नियोजन परामर्श दिवस पर लोगों को जानकारी दी जाएगी।

## अमेठी में डीएम-एसपी ने की बैठक

### महिला अपराधों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश, आरोपियों के शस्त्र लाइसेंस होंगे निरस्त

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिला, अमेठी डीएम निशा अनंत और एसपी अनूप सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्यों को लेकर सभी उप जिलाधिकारियों, पुलिस क्षेत्राधिकारी और थानाध्यक्षों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने भूमि विवाद निस्तारण, आपसी रंजिश, अपराध रोकथाम, विवेचना निस्तारण, अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पाबंदी की कार्यवाही, गुंडाएक्ट, जिलाबदर एवं हिस्ट्रीशीटर आदि की समीक्षा की और अपराधियों पर सतर्क नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़न, पाक्सो एक्ट, हत्या, बलात्कार, अपहरण, दहेज प्रथा आदि प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। पॉक्सो अधिनियम वाले मामलों पर विशेष ध्यान देते हुए जल्द से जल्द निस्तारित कराएं। उन्होंने कहा कि अपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए जाएं साथ ही जिन व्यक्तियों के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं उनका शत प्रतिशत तामिला सुनिश्चित कराया जाए। डीएम ने जनसमस्याओं के निस्तारण को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाएं। शिकायतें प्राप्त होते ही तत्काल नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कर उनका निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में डीएम ने अवैध शराब के विरुद्ध संयुक्त रूप से अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में एसपी ने सभी सीओ व थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि जघन्य अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि जिन अपराधियों को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया है वह 6 माह तक जिले से बाहर रहे यह व्यवस्था सभी थानाध्यक्ष सुनिश्चित करेंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र सिंह, संयुक्त निदेशक अभियोजन, समस्त उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

## ओवरटेक के चक्कर में हुआ पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हादसा

### डीएम की गठित 5 सदस्यीय जांच टीम ने किया खुलासा, बस हादसे में 5 की गई थी जान

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी के बाजार शुकुल स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेस पर हुआ दर्दनाक हादसा चालक द्वारा वाहन को ओवरटेक करने के चक्कर में हुआ था। हादसे की जांच के लिए डीएम द्वारा गठित पांच सदस्यीय कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला है। जांच में प्रथम दृष्टया चालक की लापरवाही सामने आई है। दरअसल, सोमवार की देर रात लगभग दो बजे बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के 68.8 किमी पर एक यात्री बस अज्ञात वाहन से टकरा गई थी। जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई थी जबकि 11 लोग घायल हो गए थे। मंगलवार को एसडीएम मुसाफिरखाना प्रीति तिवारी के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों ने जांच की। टीम में एसडीएम प्रीति तिवारी, सीओ अतुल सिंह, अधिशाषी अभियंता लोनिवि रमेश चंद्र, एआरटीओ सर्वेश कुमार सिंह, सीएचसी बाजार शुकुल अधीक्षक सुधीर वर्मा शामिल रहे। टीम द्वारा पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के 67 से 68 किमी के बीच जांच की गई। जिसके बीच 67.900 किमी पर स्पीड रीडिंग कैमरा लगा है। जिससे पता लगा कि 68.600 किमी पर बस की टक्कर अज्ञात वाहन से हुई। बस 200 मीटर आगे जाकर रुक गई।

## दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन घायल

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। रुपईडीहा थाना क्षेत्र के कस्बा बाबाकुटी पर शनिवार कों दो बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर मे तीन लोग घायल हो गए। एक की हालत नाजुक बताई गई है। सभी घायलों कों पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा में इलाज हेतु भर्ती किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक बाबाकुट्टी के पास स्तिथि कर्बला के पास रूपईडीहा-नानपारा मार्ग पर दो मोटर साईकिल अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गई। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में एम्बुलेंस ०चौकी बाबागंज कों फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर मौके पर पहुचे पुलिसकर्मियों ने घायलों कों नजदीकी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। अस्पताल में इलाजरत घायलों की पहचान विमलेश 20 वर्ष, अनिल पुत्र मेड़ई 21 वर्ष एवं आजाद पुत्र पुत्तन 14 वर्षीय निवासी बरहदा बेहड़ा के रूप में हुई। चौकी इंचार्ज बाबागंज रामगोविन्द वर्मा ने बताया है कि घटना के सम्बन्ध में जानकारी नहीं है।

## अमेठी में 15 हजार का इनामी गिरफ्तार

### तमंचा और कारतूस बरामद, गैंगस्टर एक्ट समेत कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिला, अमेठी में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मुसाफिरखाना पुलिस और स्वाट टीम ने 15 हजार के इनामी गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। गैंगस्टर एक्ट के आरोपी पर मुसाफिरखाना थाने में कई आपराधिक मामले दर्ज है। आरोपी के पास से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ है। मामला मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के दादरा रेलवे क्रासिंग के पास का है। जहां देर रात मुसाफिरखाना पुलिस और स्वाट संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की तलाशी कर रही थी। तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि 15 हजार का इनामी गैंगस्टर वशीर खान पुत्र मोबिन खान निवासी भददौर घुम रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बशीर खान के ऊपर मुसाफिरखाना थाने में कई आपराधिक मामले दर्ज है। तलाशी के दौरान मोबिन के पास से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

## संक्षेप

### भूमि बैनामा कराने के नाम पर 2 करोड़ की जालसाजी तीन पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।सहजनवा थाना क्षेत्र के गोविंदपुर निवासी एक व्यक्ति को जालसाजो भूमि बैनामा कराने के नाम पर 2 करोड़ रुपया हड़प कर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पुलिस ने तीन जालसाजों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के गोविंदपुर निवासी चंद्रिका निषाद पुत्र दुलारे निषाद जो पेंट पालिस का कारोबार करता है। पूर्व के तीन परिचित मिले उन्होंने भूमि बैनामा कराने का झांसा दिया। जालसाजों के झांसे में आकर तीनो के बैंक खाते में विभिन्न तिथियों में 2 करोड़ रुपया भेज दिया। जब भूमि बैनामा करने की बात आई तो तीनो झांसा देते रहे। 11 जुलाई को जालसाजो के घर पता करने गया तो सभी घर बंद कर फरार है। फोन पर बात करने पर गाली गलौज ऑफ जान से मारने की धमकी दे रहे थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अमरजीत बेलदार निवासी माल्हनपार, सुदामा यादव निवासी बढ़नी गोपालपुर, थाना बांसगांव, सुरेंद्र यादव निवासी गाडर के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज कर लिया है।

### लापता युवती का तालाब में मिला शव

अमन लेखनी समाचार

सीतापुर, सीतापुर में 24 घंटे से लापता युवती का शव तालाब में उतराया मिलने से हडकंप मच गया। घर से खेतों की तरफ निकली युवती मंगलवार को अचानक लापता हो गई थी। काफी खोजबीन के बाद आज उसका शव तालाब में देखकर स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को तालाब ने निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। परिजनों ने अभी तक किसी भी आरोपों से इनकार किया है। घटना इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके की है। देवई गांव निवासी आसमीन बानो (20) पुत्री निसार अहमद मंगलवार को अचानक अपने घर से गायब हो गई थी। परिजनों ने युवती की काफी खोजबीन की थी, लेकिन कहीं भी उसका सुराग नहीं लग सका था। परिजनों ने पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराते हुए खोजबीन जारी रखी। बुधवार शाम ग्रामीणों ने गांव के उत्तर स्थित पेना तालाब में आसमीन का शव उतराते देखा।

### जालौन में दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कैद

जालौन, जालौन में किशोरी से दुष्कर्म मामले में पॉक्सो एक्ट के न्यायाधीश की कोर्ट न फैसला सुनाया कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 साल की कैद और 40 हजार जुमार्ने की सजा सुनाई। जुमार्ना न अदा करने पर दोषी को अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। जालौन के अपर शासकीय अधिवक्ता बृजराज सिंह राजपूत ने बताया कि कुठौंद थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को 27 अक्टूबर 2018 को तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि उसकी पुत्री को उरई कोतवाली क्षेत्र के मरगायां गांव का रहने वाला विद्यासागर पुत्र संतोष तिवारी 2 अक्टूबर 2018 को बहला फुसलाकर ले गया।

# शिवम कांड की छानबीन जोरों पर

## पुलिस उपाधीक्षक बिंदकी ने पीड़ित के घर जाकर लिए बयान

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के थाना बकेवर क्षेत्र में दलित टेंट हाउस कर्मी की पिछले दिन बेरहमी से हुई पिटाई में गम्भीर रूप से घायल होने की घटना को लेकर पिटाई कर घायल करने वाले युवक के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर के सम्बन्ध में शनिवार को पुलिस उपाधीक्षक बिंदकी सुशील कुमार द्विवेदी ने पीड़ित के घर जाकर उसके बयान दर्ज किए और घटना स्थल का मुआयना किया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को पुलिस उपाधीक्षक बिंदकी सुशील कुमार द्विवेदी ने ग्राम पंचमपुरवा मजरे जगदीशपुर निवासी पीड़ित दलित शिवम कोरी के घर जाकर बयान लिए और उसके परिजनों को कडी कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिलाया। पीड़ित तीन दिन पूर्व अस्पताल से डिस्चार्ज होकर घर आया था। मालूम हो कि पंचमपुरवा मजरे जगदीशपुर निवासी दलित संतोष कोरी का पुत्र शिवम कोरी एक टेंट हाउस में काम करता है गत 30 जून की रात लगभग 10.30 बजे बकेवर बुजुर्ग निवासी कुछ दबंग युवकों ने किसी बात को लेकर उस समय पीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया जब वह चल रहे एक भंडारे की समाप्ति पर टेंट में लगी लाइट को हटा रहा था। घायल शिवम कोरी को तत्काल प्रभाव से बकेवर थाना प्रभारी निरीक्षक कांती सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहानाबाद में ले जाकर भर्ती कराया जहाँ गम्भीर हालत को देखते हुए डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहाँ उसका इलाज होता रहा। दलित शिवम कोरी की पिटाई से हुई गम्भीर हालत की खबर पर आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के प्रदेश उपाध्यक्ष कौशल वाल्मीकि के नेतृत्व में एक दल ने जिला अस्पताल जाकर देखा और जिलाधिकारी सी. इंदुमती व पुलिस अधीक्षक उदय सिंह को शिवम के पिता संतोष कोरी की ओर से एक प्रार्थना पत्र को देकर घटना से वांछित आरोपियों को तत्काल प्रभाव से मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर की धाराएं बढाकर गिरफ्तारी की मांग की और एक सप्ताह में कार्यवाही न होने पर भीम आर्मी प्रमुख नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में बडे आंदोलन का अल्टीमेटम भी दिया। राजनैतिक तूल पकडने के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज होकर घर आए पीड़ित शिवम के घर बहुजन समाज पार्टी का एक दल जिलाध्यक्ष की अगुवाई में आया और परिजनों से सम्पूर्ण घटना की जानकारी करने के बाद थाना प्रभारी निरीक्षक कांती सिंह से शीघ्र मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अन्य धाराओं को बढाकर वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने के साथ पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैय्या कराने की मांग किया। पीड़ित शिवम कोरी के आरोप कि दबंग युवकों ने मारपीट के दौरान उसके पैर के नाखून प्लास से खींचे थे पर शिवम का इलाज कर रहे जिला सदर अस्पताल के डाक्टर का कहना है कि पैर के प्लास से नाखून उखाडने की बात सही नहीं है उसके नाखून रगडने से निकले है जिसका विधिवत परीक्षण कराया गया है। पुलिस उपाधीक्षक बिंदकी सुशील कुमार द्विवेदी का कहना है कि वादी और घायल युवक के बयान दर्ज किए गए हैं। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी। थाना प्रभारी निरीक्षक कांती सिंह का कहना है कि घटना की आलोचना करने का सबको अधिकार है किंतु घटना को दलित बनाम सवर्ण बनाकर राजनीतिकरण किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है इससे घटना की तफ्तीश में बिलम्ब होता है। साथ ही दलित सवर्ण के बीच खाई पैदा होती है जो समाज के लिए हितकर नहीं है।

# जबरन विवाह से ग्रसित युवती निकली नाबालिक

## फालोअप

### प्रशासन नहीं कर पाया छानबीन अंकपत्र ने खोली पोल

अमन लेखनी समाचार




अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लगभग एक पखवाड़े से चर्चा का विषय बना नाबालिक बेटी के विवाह का खुलासा अभी तक प्रशासन करने में नाकाम दिख रहा है कस्बे की असहाय विधवा महिला ने स्थानीय प्रशासन एवं कुछ ग्रामीणों से आहत होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर न्याय की गुहार लगाई थी जहां पीड़िता ने नाबालिक बेटी का विवाह प्रशासन की शय से ग्रामीणों द्वारा कराए जाने का आरोप लगाया पुलिस अधीक्षक के समक्ष पीड़िता ने बताया कि ग्रामीण युवक द्वारा नाबालिक बेटी अवैध संबंध बनाया गया जहां युवक घर से बेटी को ले गया न्याय के लिए पहुंची नजदीकी पुलिस चौकी पीड़िता को प्रशासन ने न्याय न देते हुए कुछ ग्रामीणों की सलाह से मंदिर में विवाह संपन्न कराने की बात कही पीड़िता ने नाबालिक बेटी के जबरन विवाह को लेकर स्थानीय चौकी इंचार्ज प्रधान पति समेत कई लोगों पर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई थी पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने जांच के निर्देश दिए जहां एक पखवाड़ा बीच जाने के बाद भी प्रशासन की जांच में बालिक नाबालिक साफ स्पष्ट नहीं हो सका मीडिया के सामने पीड़िता ने बेटी का हाई स्कूल अंक पत्र प्रस्तुत किया जहां अंक पत्र ने पूरी पोल खोल दी बेटी नाबालिक निकली वही अपराधी युवक बेटी को लेकर फरार हो गया इस बारे में चौकी प्रभारी संदीप कुमार तिवारी ने बताया कि इस मामले की जानकारी उन्हें नहीं है तथा पीड़िता उनके पास नहीं गई हैरतअंगेज बात यह है की पुख्ता साक्ष्य प्रस्तुत होने के बाद भी अपराधी प्रशासन की हिरासत से अभी तक बाहर है

# सर्प दंश से महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा के वार्ड संख्या 3 जयराज नगर निवासी बदामी देवी 45 वर्ष की शुक्रवार की रात 9.00 बजे सांप के काटने से हालत बिगाड़ गयी। आनन-फानन में स्वजन सामुदायिक स्वास्थ्य के ठरापार ले गए। डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल गोरखपुर रेफर कर दिया परंतु रास्ते में उसकी मौत हो गयी। स्वजनों के अनुरोध पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। बादामी देवी भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने जा रही थी कि चारपाई के बगल में बैठा जहरीला सर्प ने पैर में काट लिया। सोर सुनकर घर के लोग टार्च लेकर पहुचे तो देखा सर्प दीवार के रोशनदान से बाहर निकल कर बसवारी( बांस का घना बाग ) में जा रहा था। मकान भी इसी बांस के घने पेड़ों के नीचे है। बरसात के मौसम में तो जहरीले कीड़ों का खतरा बना रहता है।


फाइल फोटो

# दुर्घटना को दावत दे रहा सड़क पर लटकता 11 हजार बिजली का तार

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर ।सहजनवां ब्लाक के विद्युत उपकेंद्र गंगटही द्वारा आपूर्ति की जाने वाली 11 हजार वोल्ट का तार ग्राम पंचायत मझौरा से इंडेन गैस एजेंसी की तरफ जाने वाली सम्पर्क सड़क पर बिजली का तार लटक रहा है, जिससे कभी भी हादसा हो सकता है। चूंकि इस सड़क से होकर प्रत्येक दिन इंडेन गैस एजेंसी पर भरा और खाली गैस सिलेंडर लेकर ट्रक का आना जाना लगा रहता है। यह 11 हजार वोल्ट का



तार ट्रक की बाडी कब स्पर्श कर दे यह कहा नहीं जा सकता है, यदि कभी भी ट्रक को स्पर्श किया तो बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। ढीले तार की लिखित शिकायत उपकेन्द्र गंगटही के जेई से ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मझौरा सत्यप्रकाश कन्नौजिया द्वारा किया जा चुका है, लेकिन ढीले 11 हजार वोल्ट के तार को अभी तक टाइट नहीं किया जा सका। इस संबंध में प्रभारी जेई खजनी ने बताया कि जेई साहब का ट्रांस्फर हो गया है कल हमको चार्ज मिला है, सूचना मिलते ही मैंने लाइन मैन को तार टाइट करने के लिए भेज दिया हूं।

## डीजे पर नाचने को लेकर मारपीट पांच पर केस दर्ज

गोरखपुर। बेलीपार निवासी श्रवन मद्धेशिया पुत्र रामकिशून मद्धेशिया बुधवार को गांव के एक लड़के की शादी में शामिल होने के लिए सहजनवा थाना क्षेत्र के गोविंदपुर में आया था।

द्वारपूजा के दौरान कुछ लोग डीजे पर नाच रहे थे। उसी दौरान गांव का एक युवक पैर चलाकर मार दिया। विरोध किया तो वह गाली गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गया। मामला लोगो ने शांत कराया। रात्रि में 10.30 बजे घर आने के लिए वाहन के आस गया तो आरोपी गाली गलौज करते हुए लोहे के पंच और चुल्ले से मारकर घायल कर दिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अर्पित विश्वकर्मा, सत्यम निषाद, राजकुमार, रवि निषाद, आलोक निषाद के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# थाना समाधान दिवस पर 18 मामले, निस्तारण कोई नही

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। शनिवार थाना समाधान दिवस पर हरपुर बुदहट थाने अध्यक्षता उपजिलाधिकारी सहजनवा दीपक कुमार गुप्ता ने किया। इस दौरान 5 मामले आए सभी मामले राजस्व से संबंधित थे। किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। सहजनवा थाने में थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार भान प्रताप सिंह ने किया। इस दौरान 6 मामले आए। जिसमे 5 राजस्व, 1 पुलिस के थे। किसी मामले का निस्तारण नहीं हुआ। गीडा थाने में थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार दुर्गेश कुमार चौरसिया ने किया। इस दौरान 7 मामले आए थे। सभी मामले राजस्व से संबंधित थे। किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित किया गया है। पुलिस के मामले की जांच कर कारवाई करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार राय, एसओ विशाल उपाध्याय, एसओ विशाल उपाध्याय सहित अनेक विभाग के लोग मौजूद थे।



# शासन एवम प्रशासन ने समाधान दिवस में सुनी लोगों की समस्याएं

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला



फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद में शनिवार को शासन के निर्देश पर जन समस्याओं के त्वरित गुणवत्तापूर्ण, समयबद्धता से निस्तारण के उद्देश्य से माह के द्वितीय शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी सी.इंदुमती व पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने मलवा थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में उपस्थित होकर जन समस्याओं को सुना एवं मौके पर जाकर नियमानुसार कार्यवाही करके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद सम्बंधित जो भी शिकायतें हैं, का निस्तारण आवश्यकतानुसार राजस्व टीम व पुलिस बल सयुंक्त रूप से करे साथ ही यदि कोई शिकायत की पुनरावृति हो रही है तो उसका निस्तारण नियमानुसार कार्यवाही की वीडियोग्राफी अवश्य कराने के निर्देश सम्बंधितो को दिये। उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि आपके क्षेत्रों में प्रार्थना पत्र के अलावा जो भी समस्याएं हैं, उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाय। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पायी गयी तो उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। वही शनिवार को थाना मलवा में आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों से कुल 11 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 08 का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार -बिन्दकी, सदर , थानाध्यक्ष मलवा , , राजस्व लेखपाल व राजस्व निरीक्षक सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# ट्रांसफार्मर ध्वस्त पांच दिन से पानी की त्राहि त्राहि

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। शहर के साईं विहार कॉलोनी के समीप स्थापित पानी टंकी में लगा विद्युत ट्रांसफार्मर विगत पांच दिवस पहले अचानक सार्ट सर्किट के कारण तीव्र गति से जलने लगा कुछ ही देर में ट्रांसफार्मर धडाम हो गया और समूचे क्षेत्र में बिजली की समस्या आ गई विभाग ने मशक्कत कर विगत दिवस शुक्रवार को दूसरा ट्रांसफार्मर स्थापित किया जहां विद्युत सप्लाई प्रवाहित होते ही समाप्त हो गया विद्युत व्यवस्था कमजोर होने के कारण शहर के कई क्षेत्रों पर बिजली पानी शिक्षा समेत आम जनजीवन पर भारी प्रभाव पड़ रहा है मिली जानकारी के अनुसार ट्रांसफर के समीप स्थापित पानी टंकी से शहर के गडरिया पुरवा गोकुल नगर साईं विहार कॉलोनी मनोहर नगर पृथ्वीपुरम मौर्या कॉलोनी ताम्बेश्वर नगर आदि अनेक क्षेत्रों में जल प्रवाहित किया जाता है परंतु 5 दिनों से पूर्ण रूप से बंद पड़ी है शहर वासियों ने विद्युत विभाग की लापरवाही पर गहरा आक्रोश जताया वहीं उपकेंद्र पहुंचकर शिकायत लिखाने का प्रयास किया गया जहां पूरा दिन लग जाने के बाद शाम समय शहर वासियों की अरदास बिजली विभाग में सुनी और

जर्जर ट्रांसफार्मर शांत्वना देने के लिए रख दिया जहां विद्युत प्रवाहित होते ही ट्रांसफार्मर पुनः जल गया तकनीकी खराबी के कारण ट्रांसफार्मर ध्वस्त हुआ पेयजल की समस्या निरंतर बनी हुई है देखना यह है कि विभाग इस पर अपनी दृष्टि कब डालता है

# दिवंगत साथी के घर पहुंची टीचर्स सेल्फ केयर की जनपदीय टीम

## शोक संवेदना व्यक्त कर यथासंभव मदद का दिया आश्वासन

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद के भिठौरा विकासखंड अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय मलाका में कार्यरत शिक्षक स्वर्गीय राजशरण की आकस्मिक मृत्यु को लेकर जिला टीम टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने शोक संवेदना व्यक्त की संघ के जिला संयोजक धर्मेंद्र साहू के साथ सभी पदाधिकारी शिक्षक के घर पहुंचे वहीं संस्था के संस्थापक विवेकानंद ने दूरसंचार यंत्र के माध्यम से वीडियो कॉल में पीड़ित पत्नी से बात करते हुए यथा संभव मदद का आश्वासन दिया इस मौके पर जिला टीम के पदाधिकारी विपिन बाजपेई आशीष शुक्ला विपिन श्रीवास्तव विपिन सिंह गौर उज जफर उदित नारायण उमेश कुमार अर्चना चौरसिया प्रकाश शंकर मोदनवाल भिठौरा ब्लॉक संयोजक सुरेश सचान प्रवक्ता अजय तिवारी शिक्षक प्रियंका भारती संतोष कुमार तथा हथगाम विकासखंड के वरिष्ठ शिक्षक प्रधानाध्यापक शिवचरण समेत दर्जनों शिक्षक मौजूद रहे



# ताजिया को लेकर दो समुदाय में छिड़ी जंग, शांति बनाए रखने के लिए गांव पहुंचे अधिकारी

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद में जाफरगंज थाना क्षेत्र के नए पुरवा गांव में मुहर्रम में ताजिया निकालने को लेकर दो समुदायों के बीच लगभग एक सप्ताह से तनातनी का माहौल चल रहा है । शनिवार को अपर जिलाधिकारी डॉक्टर अविनाश त्रिपाठी अपर पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह उप जिलाधिकारी बिंदकी अर्चना अग्निहोत्री एवं थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यपाल सिंह पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे दोनों समुदायों के सम्भ्रान्त लोगों के बीच लगभग 2 घंटे तक वार्ता कर त्योहारों को सौहार्दपूर्ण मनाने की अपील की। ग्रामीणों ने पूर्व में हुए समझौते के तहत त्योहार मनाने पर जोर दिया लेकिन एक वर्ग मानने को तैयार नहीं था । अधिकारियों ने भी पूर्व की बात हुए समझौते के तहत सौहार्द पूर्ण त्योहार मनाए जाने की अपील की। लेकिन हिंदू समुदाय के लोगों का कथन रहा की पूर्व में जो क्षेत्राधिकारी जाफरगंज द्वारा फैसला किया गया था उसी फैसले के आधार पर वह लोग क्यों नहीं कायम रहते हैं । पहले तो इन्होंने सारी शर्तें मान ली थी लेकिन अब ऐसा क्या हो गया। क्षेत्राधिकारी बिंदकी सुशील कुमार द्विवेदी ने शुक्रवार के दिन हुई पंचायत में परंपरागत त्योहार मनाने को जोर देने लगे और कहा कि मैं नहीं जानता पूर्व में किस प्रकार से आप लोगों का समझौता हुआ है। मुहर्रम का जुलूस जहां से हर वर्ष निकलता रहा है वहीं से निकलेगा । इसी बात से खिन्न होकर हिंदू समुदाय के लोग राजनीति का सहारा लेकर न्याय की गुहार लगाई तो जहानाबाद विधायक राजेंद्र पटेल ने नए पुरवा गांव की समस्या का निवारण करने के लिए कप्तान से वार्ता कर मामले को तत्काल प्रभाव से निपटने का आदेश दिया। जिस पर जिले के आला अधिकारियों ने गांव आकर फिर से दोनों सम्प्रदाय के सम्भ्रान्त नागरिकों से वार्ता किया लेकिन कोई पक्ष मानने को जब मानने को तैयार नहीं हुए तो प्रशासनिक अधिकारियों की भौहें तन गई और कड़े निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी हालत में आपसी भाईचारा को बनाए रखने के लिए प्रशासन कटिबद्ध है।

# मोहर्रम और सावन को देखते हुए धार्मिक स्थलों की कराए साफ सफाई -एसडीएम



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। आगामी आने वाले त्यौहारों को देखते हुए पुलिस सहित अन्य विभागों के लोगो को पूरी तरह मुस्तैद रहना होगा। पहले मोहर्रम का त्यौहार पड़ेगा। जिसे देखते हुए जहां भी ताजिया निकलने में दिक्कत आ रही हो उस समस्या का समाधान करा ले। साथ ही साथ क्षेत्र में जितने भी कर्बला है। वहा पर जिम्मेदार साफ सफाई करा दे। 22 जुलाई से सावन का महीना आ जायेगा। इसके लिए भी पूरी तैयारी कर ली जाय। क्षेत्र में जहां भी मंदिर स्थित है। उसकी साफ सफाई हो जानी चाहिए। इस समय कावरिया यात्रा भी निकलती है। पुलिस की जिम्मेदारी है कि कावरिया यात्रा करने वालो पर विशेष ध्यान रखे। उनके आने जान वाले रास्ते को भी ध्यान दिया जाय। इसके अलावा क्षेत्र में जो भी अराजक तत्व है जो त्यौहारों में खलल डालने की कोशिश करते रहे है। उन्हे चिन्हित कर कारवाई करे। उक्त बातें उपजिलाधिकारी सहजनवा दीपक कुमार गुप्ता ने सहजनवा तहसील सभागार में विभिन्न विभाग के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान सीओ गीडा अनुराग सिंह, नायब तहसीलदार भान प्रताप सिंह, दुर्गेश कुमार चौरसिया, अधिशासी अधिकारी सूर्यकांत, एसओ विशाल उपाध्याय, विशाल सिंह, प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार राय, सहित अनेक राजस्व कर्मी मौजूद थे।

# भाजपा पार्षद राजा यादव ने अपने अवतरण दिवस पर रखा वृक्षारोपण कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। वार्ड न.4 मदन मोहन मालवीय नगर मे भाजपा पार्षद राजा यादव ने अपने जन्मदिन के पावन अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम रखा जिसमे कार्यक्रम को सफल बनाने एवं शुभकामनाएं प्रेषित करने हेतु.. मुख्य रूप से सहजनवां विधायक प्रदीप शुक्ला एवं क्षेत्रीय वनअधिकारी दिनेश चौरसिया, आर्ट आर.एस.एस. और भाजपा पदाधिकारियों के साथ विभिन्न समाजिक संगठन के पदाधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे..इस अवसर पर सहजनवां विधायक प्रदीप शुक्ला ने पार्षद राजा यादव के जन्मदिन पर वृक्षारोपण सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड के साथ कार्यक्रम कराने की सराहना की एवं साथ मे ही प्रदेश स्तर पर चल रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पार्षद



राजा यादव ने कहा कि सनातन मतो को अनुसार एक वृक्ष सौ पुत्र समान होता है । इसलिए यह पुनीत कार्य सभी नागरिकों को करना चाहिए.. हम अपने आने वाले पीढ़ी को स्वस्थ एवं स्वच्छ पर्यावरण देना चाहते है। इस अवसर पर चन्द्र शेखर पाण्डेय, विनोद राय, अमलेश शुक्ल, आशुतोष दीक्षित, मण्डल अध्यक्ष अष्ट भुजा श्रीवास्तव, विनय सिंह, लल्लन सिंह, पार्षद मनोज निषाद, संतोष अग्रहरि, पार्षद प्रतिनिधि लोकेश पासवान, एक के शर्मा, अश्विनी सिंह, प्रभु पासवान , मोनु शुक्ला, के के राय, धर्मेन्द्र पासवान, मंटू चौधरी, अभिषेक त्रिपाठी, रोहित राय, विजय शंकर गुप्ता, राम दयाल प्रजापति, उमाशंकर सिंह, विवेक कुमार, दिनेश मणि त्रिपाठी, संतोष कुमार, अश्विनी तिवारी, विजेन्द्र यादव , कमलेश यादव, मुकेश पासवान , चंद्र जीत पासवान, राजा त्रिपाठी, विजय यादव, करन, विशाल सिंह, सम्राट राय, गौरव श्रीवास्तव, एवं अत्यधिक संख्या मे वार्ड वासियों की उपस्थित रही।

## संक्षेप

### फांसी के फंदे मे झूलता मिला किशोरी का शव, मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

जगदीशपुर ,अमेठी। संदिग्ध परिस्थितियो मे एक किशोरी का शव दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे मे झूलता देख परिजनो मे हडकंप मच गया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा । थानाक्षेत्र के अंतर्गत स्थित कपूरीपुर गांव निवासी स्व छेदीलाल पासी की पन्द्रह वर्षीय पुत्री श्यामा देवी जो परिजनो को काफी देर से नजर नही आई तो उसके कमरे मे जाकर देखा तो दुपट्टे के सहारे कुंडी मे झूलता शव देखकर परिजनो मे कोहराम मच गया जिसे देखने हेतु तमाम ग्रामीण इकट्ठा हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर परिजनो से पूंछतांछ करने के पश्चात पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया ।इस सम्बन्ध मे पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है रिपोर्ट आने के पश्चात मौत के कारणो का पता चल सकेगा फिलहाल मामले की छानबीन जारी है ।

### ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में संकुल शिक्षकों ने सौंपा सामूहिक इस्तीफा

– शिक्षक बोले, खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा गया इस्तीफा

खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा, नहीं मिला सामूहिक त्यागपत्र

शुकुल बाजार, अमेठी। ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में शनिवार को बाजार शुकुल ब्लॉक के सभी संकुल शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी को अपने पद से सामूहिक त्यागपत्र सौंप दिया। उधर, खंड शिक्षा अधिकारी का कहना है कि उन्हें कोई सामूहिक त्यागपत्र नहीं मिला। सामूहिक त्यागपत्र में संकुल शिक्षक जमील अहमद, अनिल यादव, राजनाथ, राकेश देव पांडे पंकज शर्मा, नसीर हुसैन, दिनेश, रामकुमार, चंद्र शेखर, देवेंद्र श्रीवस्ताव, पंकज कुमार, र्ध आदि ने इस्तीफे सौंपे। कहना है कि शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र शुक्ला को सामूहिक त्यागपत्र सौंपा है। बताया कि वह पिछले कई वर्षों से संकुल शिक्षक पद के दायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करते आ रहे हैं। ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में सभी अपने संकुल शिक्षक पद से इस्तीफा दे रहे हैं ।

## अमेठी कांग्रेस का ग्रीन अमेठी अभियान, रोपे गये 17 हजार पौधे

–अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने पौधरोपण कर अभियान की शुरूआत की स्र



अमन लेखनी समाचार

अमेठी। राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान के तहत अमेठी कांग्रेस का ग्रीन अमेठी अभियान आज रोपे गये 17 हजार पौधे उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जननायक राहुल गांधी जी के जन्मदिन पर प्रत्येक बूथ पर पौधारोपण एवं 3 वर्ष रखरखाव संकल्प के बाद अमेठी जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप सिंघल के प्रस्ताव पर अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि संपूर्ण अमेठी संसदीय क्षेत्र में अमेठी कांग्रेस ग्रीन अमेठी का नया संकल्प लेते हुए अमेठी संसदीय क्षेत्र के सभी 17 ब्लॉकों में कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकर्ता एक-एक लगाने के संकल्प पूरा हुआ और आज 17 हजार पौधे रोपे गए। किशोरी लाल शर्मा ने जिला मुख्यालय ब्लॉक के केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में पंच पदों पर साथ में जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल, पूर्व जिला अध्यक्ष योगेंद्र मिश्रा, मुन्ना सिंह त्रिसुंडी, प्रवक्ता अनिल सिंह, पूर्व प्रमुख यूनुस, धर्मेंद्र शुक्ला कार्यालय प्रभारी बृजेश तिवारी ने साथ पौधा रोपण किया। सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा पौधारोपण करने वाले सभी साथियों से आग्रह अनुरोध एवं निवेदन है कि परिवार के सदस्य की तरह अपने लगाए पौधे की सेवा वह देख करें ।जिला कांग्रेस मीडिया प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि पौधारोपण बूथ, गांव, न्याय पंचायत, ब्लॉक पर सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी व नेताओं ने बड़ी तन्मयता के साथ कांग्रेस ग्रीन अमेठी में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। गौरीगंज कांग्रेस कार्यालय पर पौधारोपण के बाद गौरीगंज नगर पालिका अंतर्गत एमडीएस विद्यालय राजगढ़ में भी पौधारोपण किया।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना जायस का किया गया आकस्मिक निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

अमेठी। आज जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा थाना जायस के परिसर, कार्यालय, मेस, बैरिक, महिला हेल्ड डेस्क आदि का निरीक्षण किया गया एवं प्रभारी निरीक्षक जायस को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों का रखरखाव व साफ-सफाई संतोषजनक पाई गयी।

## शिया समुदाय के लोगों ने इमाम हुसैन पर कर्बला में हुए जुल्म को याद करके मातम किया

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर ।मौलाना फिरोज अब्बास मौलाई ने मिर्जा अनवर हुसैन के इमाम बारगाह में पांच मोहर्रम को मजलिस हुई जिसमें हमीरपुर के सभी शिया समुदाय के लोग इकट्ठा हुए मौलाना ने बताया कि 1 मोहर्रम से लेकर 10 मोहरम तक अजादारी करते हैं। कर्बला में सन 1461 हिजरी में इमाम हुसैन के ऊपर कर्बला में जो जुल्म हुआ उसको लेकर शिया समुदाय के लोग आज भी अजादारी करते हैं और उनके गम को याद करते और उनके ऊपर हुए जुल्म को याद करते हैं मौलाना ने बताया कि हमारे बच्चे उनके बच्चों को हमारे बुजुर्ग उनके बुजुर्गों को और हमारे जवान उनके जवानों पर आंसू बहते हैं और मातम करते हैं मोहर्रम की चांद रात के बाद से 2 महीने 8 दिन हमारे घरों में किसी भी तरह की खुशियां नहीं मनाई जाती है। हमारी औरतें हमारे बच्चे काले लिबास पहनकर मोहम्मद साहब के नवासे को याद करके गम मानते हैं। और 10 मोहरम को ताजिया दफन करते हैं। इमाम हुसैन के 6 माह के बच्चे को कर्बला में जिस तरह से तीन दिन का भूखा प्यासा शहीद कर दिया गया और उनके घर की औरतों को बेपर्दा किया गया यह जुल्म की एक इंतहा थी जिसको लेकर शिया समुदाय के लोगों में इन दो महीने आठ दिन जहां-जहां भी शिया होते हैं। वहां पर अजादारी करते हैं। और इमाम हुसैन को याद करते हैं। कर्बला में एक दिन में ही 72 लोगों को शहीद किया गया था जिसमें 6 महीने के अली असगर 18 साल के अली अकबर जैसे मौजूद थे जालिमों ने नहर पर पहरा लगाकर पानी पर भी रोक लगा दी थी तीन दिन के भूखे प्यासे इमाम हुसैन को कर्बला की तपती हुई जमीन पर कत्ल कर दिया गया

## शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा का हुआ गठन

अमन लेखनी समाचार

गौरीगंज ,अमेठी। समस्त प्रान्तीय संगठनों के प्रान्तीय नेतृत्व के निर्देश पर धीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ -अमेठी के संयोजकत्व में जे०एस० रेजीडेंसी, सैंठा रोड, गौरीगंज -अमेठी पर समस्त संगठनों की बैठक बुलाई गयी, जिसमें 14 संगठनों के जिलाध्यक्ष/महामंत्री/प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में धीरेन्द्र प्रताप सिंह -जिलाध्यक्ष ने संयुक्त मोर्चा गठन के उद्देश्य, कार्य एवं अग्रिम रणनीति पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं, आन लाइन उपस्थिति एवं मूलभूत समस्याओं पर विचार विमर्श करते हुए बताया कि सभी संगठनों के आवाहन पर शिक्षकों की मूलभूत समस्याओं के निस्तारण तक आनलाइन उपस्थिति का सामूहिक बहिष्कार जारी रहेगा, आन्दोलन व संघर्ष के क्रम में दिनांक -15 जुलाई को शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले मुख्यमंत्री जी को सम्बोधित मांग पत्र/ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया जायेगा। 16 जुलाई से 28 जुलाई तक सभी विधायकों व सांसद को मांग पत्र का ज्ञापन सौंपा जाएगा। 29 जुलाई को निशात गंज लखनऊ में शिक्षा भवन पहुंचकर महा निदेशक कार्यालय का घेराव किया जायेगा। अरविन्द तिवारी -जिलाध्यक्ष ने शिक्षकों की एकता पर जोर दिया। महेन्द्र प्रताप मिश्र -जिलाध्यक्ष ने कहा हम सभी की एकता से ही सभी मांगे पूर्ण होंगी। अश्वनी द्विवेदी ने कहा जनपद के शेष सभी संकुल शिक्षक त्याग पत्र देंगे। श्रीराम सोनी महामंत्री ने सभी संगठनों से 15 जुलाई को ज्ञापन कार्यक्रम में अधिक से अधिक शिक्षकों को लाने का अनुरोध किया। ओमेंद्र सिंह जिलाध्यक्ष संघर्ष समिति ने सभी प्रतिभागियों प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। बैठक में राम सुमिरन चक्रवर्ती- महामंत्री, सुमन यादव- महामंत्री, अजय कुमार मौर्य- महामंत्री, महेश कुमार त्यागी, राम जी यादव-जिलाध्यक्ष, उमेश कुमार तिवारी, पंकज शुक्ला, दिनेश तिवारी - उपाध्यक्ष, सुरेश अम्बेडकर, अमित पाण्डेय, रमेश प्रजापति, विजय सिंह सहित डेढ़ दर्जन शिक्षक संघ के पदाधिकारी/ प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पंचकुंड श्रीराम महायज्ञ भागवत कथा एवं सामूहिक विवाह का हुआ शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव



झाँसी। पंचकुंड श्रीराम महायज्ञ, श्रीमद् भागवत कथा एवं सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम का प्रारंभ शनिवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। यह यात्रा ओरछा गेट बाहर स्थित लंगड़ा बाबा मंदिर से प्रारंभ होकर सखी के हनुमान मंदिर होते हुए कथा स्थल पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉक्टर संदीप सरावगी उपस्थित रहे। आयोजक मंडल द्वारा डॉक्टर संदीप का तिलक एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा हरी झंडी दिखाकर यात्रा प्रारंभ की गयी। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं सहित जनपद वासी सम्मिलित हुए कार्यक्रम में सबसे आगे महिलाएं अपने सिर पर कलश लेकर यात्रा की अगुवाई कर रही थी। उसके पीछे डीजे ढोल पर सैकड़ो की संख्या में भक्तगण नाचते झूमते यात्रा का अनुसरण कर रहे थे समय-समय पर जयकारों के साथ वातावरण गुंजायमान हो रहा था। सबसे पीछे बग्घियों पर श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज, कथा व्यास विवेक मिश्रा शास्त्री एवं महंत वीरेंद्र गिरी महाराज इस यात्रा को सुशोभित करते हुए बढ़ रहे थे। ज्ञात हो कि दिनांक 14 जुलाई से भागवत कथा प्रारंभ होकर 21 जुलाई को समाप्त होगी। दिनांक 16 जुलाई को सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन किया जाना है जिसमें विशेष आकर्षण के रूप में बागेश्वर धाम प्रमुख पंडित धीरेंद्र शास्त्री कार्यक्रम में उपस्थित होकर वैवाहिक जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में स्त्री धन के रूप में वर वधु को घरेलू आवश्यकताओं के सारे सामान दिए जा रहे हैं। आयोजक मंडल में बजरंग गिरी महाराज के साथ सतीश चंद्र लिटौरिया, आलोक दुबे कौशल महाराज, दिलीप पुरोहित, नरोत्तम मिश्रा, मनीष गोस्वामी, अवधेश दीक्षित, विकास नगरिया, वीरू राय, बलवीर पाल, अमन कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा, लालता प्रसाद, राम प्रकाश श्रीवास्तव, ओम प्रकाश कुशवाहा के साथ भूपेंद्र यादव, राज कपूर यादव, अनुज प्रताप सिंह, आशीष विश्वकर्मा आदि सम्मिलित रहे।

## समाधान दिवस में सभासदों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर जांच कराए जाने की मांग की

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर ।कस्बा कुरारा के थाना परिसर में आयोजित समस्या समाधान दिवस में नगर पंचायत के आधा दर्जन से अधिक सभासदों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच कराए जाने की मांग की है। सभासदों ने पत्र में सामूहिक रूप से इस्तीफा देने की बात कही है। थाना परिसर में आयोजित समस्या समाधान दिवस में नगर पंचायत के सभासद अवधेश गुप्ता, अजय सिंह, प्रशांत सिंह, मुकेश कुमार, ऊषा देवी, राबिया खातून ,नूर मोहम्मद, ने समस्या समाधान दिवस में मौजूद जिला अधिकारी राहुल पांडे को शिकायती पत्र देकर बताया है कि नगर पंचायत अध्यक्ष की तानाशाही के चलते परेशान हैं। पत्र में बताया कि नगर पंचायत बोर्ड की मासिक बैठक की सूचना एक दिन पहले न देकर बैठक के कुछ घंटे पहले दी जाती है ।नगर पंचायत में आउट सोर्सिंग कर्मचारियों की संख्या 85 है। तथा मौके पर 60 कर्मचारी कार्य करते हैं। तथा वेतन सभी कर्मचारियों का आहरित किया जाता है ।इसकी स्थलीय जांच कराई जाए। नगर पंचायत के टेंडर में वित्तीय अनियमत्ता कर कार्य कराया जा रहा है। जो निर्माण कार्य चल रहे हैं उनकी जांच कराई जाए। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा अपने निर्माणधीन गेस्ट हाउस में नगर पंचायत के कर्मचारियों व मशीनरी का प्रयोग किया जाता है ।नगर पंचायत में हो रहे निर्माण कार्य में निकलने वाली सामग्री पुराना ईंट का प्रयोग अपने निजी कार्य में किया जाता है ।विभागीय गोपनीय कार्य अध्यक्ष अपने निजी रिश्तेदार से कराती है ।नगर के भवन नामांतरण की पत्रवलिया काफी समय से लंबित है। जिनका निस्तारण नहीं किया जा रहा है। सभासदों को दबाव में लेकर प्रस्ताव पारित कराए जाते है। विरोध करने पर झूठे मामले में फसाने की धमकी दी जा रही है ।उपरोक्त सभासदों ने पत्र में कहा कि नगर पंचायत अध्यक्ष की प्रताड़ना से तंग होकर सामूहिक रूप से इस्तीफा देने को बाध्य होंगे। जिलाधिकारी से इन बिंदु पर सक्षम अधिकारी से जांच कराए जाने की मांग की।

## गड्ढे में बाइक गिरने से महिला की दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर ।विकास खंड क्षेत्र के डामर गांव में कालोनी के समीप हमीरपुर कालपी हाइवे में बीच सड़क में गड्ढे हो जाने से जानलेवा साबित हो रहे हैं। कल एक महिला की इन्ही गड्ढे में बाइक से गिर जाने से दर्दनाक मौत हो गई। कुरारा से लेकर सरसई गांव तक हाइवे पर बीच सड़क में नाली व गड्ढे हो गए हैं। जो कि जानलेवा साबित हो रहे हैं।

हमीरपुर कालपी हाइवे पर डामर गांव के कालोनी के समीप हमीरपुर से कालपी तरफ जाने पर दाहिने तरफ बीच सड़क में गड्ढे हो गए हैं। तथा उभार लिए गड्ढे में सबसे अधिक दो पहिया वाहन उछल जाते हैं। जिससे वाहन में पीछे बैठी महिलाएं उछल कर गिर जाती है। कल कस्बा निवासी महिला प्रेम लता बाइक से गिर गई तथा सिर में चोट लगने से मौत हो गई। इसके चार दिन पहले एक कार पलट गई थी। गांव निवासी सुखदेव , बृजेंद्र सिंह ने बताया कि इन्ही गड्ढे में उछल कर एक ईको गाड़ी पलट गई थी। जिसमे सवारी घायल हो गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि यह जानलेवा गड्ढे चार माह से अधिक से है। लेकिन लोकनिर्माण विभाग द्वारा इन का निरीक्षण कभी नहीं किया जाता है। कुरारा के मनकी तिराहा से लेकर जनपद के अंतिम छोर पर बसे सरसई गांव तक हाइवे की सड़क पर बीच में नाली बन गई है। जिससे तेज रफ्तार वाहनों को पलटने का खतरा बना हुआ है। कार्यदाई संस्था द्वारा इनके मरम्मत का कार्य भी नही किया जा रहा है। वही डामर गांव में सड़क किनारे लोगो ने अपने ईंट आदि लगा रखे हैं। जिससे सड़क किनारे अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। जिससे दुर्घटनाएं होती रहती है। इन गड्ढों का भरा जाना जरूरी है। नही तो अभी इस सड़क में दुर्घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## अमेठी में छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई पौधों की बारात

### वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत जनपद में कुल 4665507 पौधों को लगाने का लक्ष्य

अमन लेखनी समाचार




अमेठी। एक पेड़ मां के नाम पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान 2024 के अंतर्गत आज मुसाफिरखाना रेंज अमेठी में महात्मा बलदेवदास इंटरमीडिएट कालेज नेवादा, मुसाफिरखाना के छात्र-छात्राओं द्वारा पौधों की बारात निकालकर जन सामान्य को इस वर्षा काल में अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा उनका संरक्षण करने एवं पर्यावरण को बचाने की अपील की गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय वनाधिकारी मुसाफिरखाना संजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा छात्र-छात्राओं को पौधों का वितरण किया गया तथा उनसे अपील की गई कि इस वर्षा काल में एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं तथा अपने अभिभावकों व अपने आसपास के लोगों को भी एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए जागरूक करें, पेड़ लगाने के साथ ही उसकी देखभाल भी करें। इस अवसर पर नारा अढ़नपुर के ग्राम प्रधान लवकेश कुमार सिंह, स्थानीय शिक्षकगण, जन सामान्य तथा वन विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। बताते चलें कि शासन के निदेर्शानुसार जनपद अमेठी में 20 जुलाई को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित होगा जिसके लिए जन सामान्य को इस वर्षा काल में अधिक से अधिक पौधों को लगाने तथा उनकी देखभाल करने के संबंध में जन जागरूकता हेतु आज छात्र-छात्राओं द्वारा पौधों की बारात निकाली गई। इस वषार्काल में जनपद अमेठी में कुल 4665507 पौधों को रोपित किए जाने का लक्ष्य शासन द्वारा निर्धारित किया गया है जिसमें वन विभाग को 2190605 तथा अन्य विभागों क्रमशः पर्यावरण विभाग को 305000, ग्राम विकास विभाग को 1266000, राजस्व विभाग को 105000, पंचायती राज विभाग को 128000, उद्योग विभाग को 20000, नगर विकास विभाग को 17000, लोक निर्माण विभाग को 17701, सिंचाई/नलकूप विभाग को 32000, कृषि विभाग को 288867, रक्षा विभाग को 40000, पशुपालन विभाग को 9000, विद्युत विभाग को 6720, बेसिक शिक्षा विभाग को 27496, माध्यमिक शिक्षा विभाग को 12194, उच्च शिक्षा विभाग को 19452, प्राविधिक शिक्षा विभाग को 6372, श्रम विभाग को 2000, स्वास्थ्य विभाग को 14000, परिवहन विभाग को 900, उद्यान विभाग को 155000 तथा पुलिस विभाग को 7200 पौधों को रोपित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है अपने-अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुसार विभागों द्वारा पौधशालाओं से पौधों की उठान का कार्य शुरू कर दिया गया है। 20 जुलाई को आयोजित होने वाले वृहद वृक्षारोपण अभियान में जनप्रतिनिधियों के साथ ही जन सामान्य की भी सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए विभिन्न स्तरों पर जन जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं।

## एबीवीपी ने दर्जनों वृद्धों को फल वितरण कर लिया आशीर्वाद



अमन लेखनी समाचार

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सेवार्थ विद्यार्थी ( एसएफएस) अमेठी के कार्यकताओं द्वारा गौरीगंज नगर में स्थित वृद्धाश्रम में सेवा कार्य किया। वहां रह रहे लगभग 88 वृद्धों को फल वितरण कर सभी ने आशीर्वाद प्राप्त किया ! जिला संयोजक शैलेंद्र यादव ने बताया कि अखिल भारती विद्यार्थी परिषद के सेवार्थ विद्यार्थी द्वारा समाज हित हेतु संकल्प लेकर प्रत्येक शनिवार को सेवा शनिवार कार्यक्रम चलाती है। जिला प्रमुख धनंजय सिंह जी बताया कि ₹अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता केवल कैंपस सुचारू रूप से चले इसके साथ साथ समाज सुचारू रूप से कैसे चले इसमें अग्रणी भूमिका निभाता है। इस अवसर पर विशेष रुप से पूर्व जिला प्रमुख विनोद कबीर , अरुण मिश्रा , दिलीप , शाहगढ़ नगर मंत्री आकाश आदि उपस्थित रहे।

## थाना दिवस का हुआ आयोजन, अधिकारियों ने संबंधित लोगों को दिया दिशा-निर्देश

अमन लेखनी समाचार



गाजीपुर । शासन के निर्देश पर द्वितीय, शनिवार को थाना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में थाना बिरनो में उपस्थित फरियादियों की फरियाद सुनी साथ ही शिकायतो को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया। थाना दिवस पर थाना बिरनो में 20 फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतो को लिखित रूप में दिया जिसमें 02 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिस गांव की शिकायत आती है वो मौके पर जाकर उस गांव के संबंधित लेखपाल एवं पुलिस विभाग की टीम के साथ मिलकर निस्तारण करेंगे। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी बिरनो, अन्य अधिकारीगण एवं पुलिस विभाग से सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस क्रम में थाना कोतवाली मोहम्मदाबाद अंतर्गत 8 शिकायत पत्र पड़े। जिसमें दो का निस्तारण किया गया ।इसके साथ ही संबंधित को दिशा निर्देश भी दिया गया ।इस अवसर पर उप जिला अधिकारी मनोज कुमार पाठक कोतवाली प्रभारी ,पवन उपाध्याय, लेखपाल व कानूनगो उपस्थित रहे।

## मोहर्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा कस्बा जायस का किया गया भ्रमण



अमन लेखनी समाचार

अमेठी। मोहर्रम के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु आज दिनांक 13.07.2024 को जनपद भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा कस्बा जायस का भ्रमण कर मोहर्रम के जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा प्रभारी निरीक्षक जायस को आवश्यक दिशा/निर्देश दिये गये तथा उपस्थित लोगों से शांति एवं सौहार्दपूर्वक त्यौहार मनाने व अफवाहों को फैलने से रोकने व अफवाहों पर ध्यान न देनें की अपील की गयी।

## थाना परिसर में समाधान दिवस का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर ।शनिवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें कुल 6 शिकायते आयी। वही कानून गो अशोक कुमार निगम को एक फरियादी की शिकायत के बाद फटकार लगाते हुए त्वरित शिकायत पर सुनवाई करने को कहा।

आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी राहुल पांडेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा ने मौजूद रहकर पहुचे फरियादियों की शिकायत सुनी वही हथबंदी के एक मामले में एक साल से कानून गो अशोक कुमार निगम के चक्कर लगा रहे मिश्रीपुर गांव निवासी जगदीश प्रसाद जोशी की शिकायत के बात जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने कानूनगो अशोक कुमार निगम व लेखपाल गौरी शंकर को फटकार लगाते हुए त्वरित शिकायत पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए वही मौजूद सदर एसडीएम पवन प्रकाश पाठक को भी आने वाली शिकायतों पर समय समय पर समीक्षा करते रहने के लिए कड़े स्वर में कहा। समाधान दिवस में राजश्व से संबंधित कुल 6 शिकायते दर्ज की गई। मात्र एक शिकायत का ही मौके पर निस्तारण हो सका। समाधान दिवस में एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक, सीओ सदर, नायब तहसीलदार प्रदीप कुमार निगम सहित रमेश कुमार, मोतीलाल सहित समस्त लेखपाल उपस्थित रहे।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982


E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# अमिताभ की टक्कर में अकेले थे विनोद खन्ना!

**नई दिल्ली।** विनोद खन्ना को हिंदी सिनेमा में कोई भुला नहीं सकता। वो उस दौर के सुपर स्टार रहे हैं, जब फिल्म इंड्स्ट्री में अमिताभ बच्चन के नाम का डंका बजता था। लेट सिक्सटीज और फिर सेवंटीज में अगर अमिताभ बच्चन के सामने कोई हीरो बराबरी से टिक पाता था तो वो थे सिर्फ विनोद खन्ना। जो कद काठी में अमिताभ बच्चन से जरा भी कम नहीं थे। स्टाइल और लुक्स के मामले में भी टक्कर या यूं कहें कि एक कदम आगे ही थे। विनोद खन्ना से एक पुराने इंटरव्यू में दोनों को लेकर सवाल हुआ। इस इंटरव्यू के कुछ अंश सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इंटरव्यू में विनोद खन्ना ने कहा कि उस समय सिर्फ वही एक ऐसे स्टार थे जो अमिताभ बच्चन को चुनौती दे पाते थे।

लाइफ Style



# सोनाक्षी

## मजेदार लगी थी 'काकूदा' की कहानी

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा बीते कुछ समय से काफी चर्चा में हैं। उनकी शादी की खबरों ने काफी सुर्खियां बटोरी हैं। अब एक बार फिर से वह फिल्मी दुनिया में सक्रिय हो गई हैं। हाल में ही उन्होंने अपनी नवीनतम फिल्म 'काकूदा' पर बातचीत की।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोनाक्षी की यह हालिया रिलीज फिल्म जी 5 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई है। इस दौरान अभिनेत्री ने बताया कि वह विभिन्न जॉनर की फिल्में करना चाहती हैं और वह ऐसी भूमिकाएं नहीं करेंगी, जिनमें उन्हें गाने और कुछ दृश्य ही मिले। 'काकूदा' पर उन्होंने कहा कि इसकी स्क्रिप्ट उन्हें काफी मजेदार लगी थी। इसे पढ़ते समय मैं बहुत खुश थी। हालांकि, मुझे हॉरर फिल्में पसंद नहीं हैं, लेकिन इस फिल्म में भरपूर कॉमेडी थी।

आदित्य ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होंने इस शैली को बहुत अच्छी तरह से समझा है और इस पर उनकी पकड़ शानदार है। उन्हें पता है लोगों को कहां डराना है, कहां हंसाना है, वह सभी चीजों को अच्छे तरीकों से करते हैं। उनके जैसे निर्देशक के साथ पहली बार इस तरह की फिल्म में काम करना काफी मजेदार है। एक हालिया इंटरव्यू के दौरान, जब सोनाक्षी से पूछा गया कि क्या मुख्यधारा की फिल्मों में कम काम करना कलाकारों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी बात है। अभिनेत्री ने कहा, ' ये तो अच्छा है ना। मैं बड़ी भूमिकाएं और महत्वपूर्ण भूमिकाएं ही करना चाहूंगी। अकीरा (2016), जिसमें मैं मुख्य किरदार में थी, यह मेरे लिए खून चखने जैसा था। मैं कभी भी एक फिल्म में दो गाने और चार सीन करने के दौर में वापस नहीं जाना चाहती।

## हॉलीवुड मसाला



# अगले साल रिलीज होगी 'सुपरमैन'

**लॉस एंजिलिस।** सुपरमैन को चाहने वाले दुनियाभर में मौजूद हैं। फैंस को इस फ्रेंचाइजी की फिल्मों का बेसब्री से इंतजार रहता है। इस बीच डीसी स्टूडियोज के सीईओ और सुपरमैन फिल्म निर्देशक जेम्स गन ने प्रशंसकों को बड़ी सौगात दी है। सुपरहीरो की पोशाक में डेविड कोरेंसवेट की तस्वीर जमकर वायरल भी हुई थी। सुपरमैन का प्रीमियर 11 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में होगा। इसमें लोइस लेन के रूप में रेचल ब्रोसनाहन, लेक्स लूथर के रूप में निकोलस हॉल्ट और इंजीनियर के रूप में मारिया गैब्रिएला डे फारिया भी हैं।




# इनसाइड आउट 2 बनी नंबर 1 एनिमेटेड फिल्म

**लॉस एंजिलिस।** डिज्नी और पिक्सार की एनिमेटेड फिल्म 'इनसाइड आउट 2' सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर सफलता का परचम लहराती नजर आई है। 14 जून को रिलीज हुई इस मूवी को दुनियाभर के दर्शकों का बेशुमार प्यार मिल रहा है। इसी कड़ी में यह डिज्नी और पिक्सार की विश्व में सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। 'इनक्रेडिबल्स 2' जैसी बॉक्स ऑफिस ब्लॉकबस्टर को पीछे छोड़ते हुए 'इनसाइड आउट 2' ने अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पिक्सार फिल्म के रूप में अपनी जगह पक्की कर ली है। इतना ही नहीं, यह वर्तमान में सर्वकालिक सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एनिमेटेड फिल्मों की सूची में चौथे नंबर पर काबिज है। 'इनसाइड आउट 2' की सफलता को देखते हुए उद्योग विश्लेषकों का अनुमान है कि यह जल्द ही सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एनिमेटेड फिल्म की सूची में पहले स्थान पर आ सकती है।



# हिना की सलामती के लिए प्रशंसक मांग रहे दुआ

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री हिना खान ने जब से अपने स्टेज थ्री के ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित होने का खुलासा किया है, उनके प्रशंसक काफी चिंतित है। सोशल मीडिया पर उनके प्रशंसकों ने उनके लिए फिक्र जताई और उनके जल्दी ठीक होने की कामना की है। अब हिना खान ने दिल छू लेने वाला खुलासा अपने प्रशंसकों को लेकर किया है। अभिनेत्री ने बताया कि उनके प्रशंसक उनके जल्दी स्वस्थ होने के लिए रोजा रख रहे और हवन तथा अन्य धार्मिक अनुष्ठान कर रहे हैं। इस बात का खुलासा हिना खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में किया है। अपने प्रशंसकों और जानने वालों की चिंता से अभिभूत होकर हिना ने इंस्टाग्राम स्टोरी साझा की है, जिसमें उन्होंने एक लंबा चौड़ा नोट लिखा है। चार स्लाइड की नोट में हिना ने लिखा, 'मुझे नहीं पता कि मैंने ऐसा क्या किया जिसके लिए मुझे यह सब सहना पड़ा।



# 'किल' हिट होने पर पार्ट-2 लेकर आएंगे : लक्ष्य

**नई दिल्ली।** 2015 में टेलीविजन सीरीज 'वॉरियर हाई' से अपने अभिनय की शुरुआत करने वाले अभिनेता लक्ष्य की पहली हिंदी फिल्म है 'किल'। 'किल' लगातार सिनेमाघरों में बनी हुई और बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म को काफी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। फिल्म की सफलता को देखते हुए 'किल' के मुख्य अभिनेता लक्ष्य ने फिल्म को लेकर एक बड़ा और दिलचस्प खुलासा किया है। आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। फिल्म को काफी प्यार मिल रहा है। ऐसे ही आप इस फिल्म के लिए अपने प्यार को बरकरार रखिए और साथ ही फिल्म को स्पोर्ट करते रहिए।' फिल्म को लेकर लक्ष्य ने आगे कहा, 'आपने ऐसा सिनेमा कभी नहीं देखा होगा। और मैं वादा करता हूं कि अगर आप लोग इस फिल्म को हिट कराते हैं, तो जरूर हम इस फिल्म का पार्ट-2 लेकर आएंगे।

## टीवी मसाला



# टास्क को लेकर सना और कृतिका में छिड़ी जुबानी जंग

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' में थोड़े ही समय में ढेर सारे बदलाव देखने को मिले हैं। शो में जहां विशाल का दिल रणवीर के लिए बदल रहा है, वहीं अब सना मकबूल और कृतिका मलिक के बीच एक तीखी नोंकझोक देखने को मिली है। लेटेस्ट एपिसोड में एक टास्क के दौरान दोनों एक-दूसरे से बहस करते हुए दिखाई दिए। बिग बॉस के घर में एक टास्क हुआ जिसमें प्रतियोगियों को यह तय करना था कि उनके अनुसार शो में सबसे स्टाइलिश प्रतियोगी कौन है? इस टास्क में घरवाले दो हिस्सों में बंटे दिखाई दिए। जहां अरमान मलिक और उनके कुछ दोस्त उनका नाम लेते नजर आए, वहीं सना मकबूल और उनकी टीम उनका नाम लेती नजर आईं। हालांकि, अरमान एक वोट से जीत गए। यह बात सना को पसंद नहीं आई और उन्होंने कहा कि उन्हें यह भी नहीं पता कि स्टाइल क्या होता है और जब दर्शक शो देखेंगे तो वे हंसेंगे। टास्क के बाद में सना अरमान से बात करती हुई नजर आईं। इस दौरान कृतिका ने बीच-बचाव किया। इस वजह से दोनों में जुबानी जंग छिड़ गई। इस दौरान कृतिका ने कहा कि कैसे कुछ दिन पहले उन्हें वह सबसे स्टाइलिश प्रतियोगी लगी थीं और अब नहीं हैं। दूसरी और कृतिका का कहना है कि उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि सना पहले उनकी दोस्त थीं और अब नहीं हैं।

# शिव का किरदार निभाकर समर को आज भी होता है पछतावा

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में कई ऐसे सीरियल्स आए थे जिन्होंने लोगों को अपना दीवाना बना लिया था। खासकर माइथोलॉजिकल शोज। इन शोज को देखने का लोगों को इंतजार रहता था। लोग अपना काम छोड़कर या टाइम से



निपटाकर इसे देखते थे। इसमें से एक शो ओम नमः शिवाय भी था। इस शो में समर जय सिंह ने भगवान शिव का किरदार निभाया था। इस शो से समर घर-घर में फेमस हो गए थे। इतना ही नहीं लोग उन्हें भगवान शिव समझने लगे थे। जहां भी जाते थे वहां उन्हें लोग भोले बाबा कहकर आ जाते थे और भीड़ लग जाती थी। मगर उनका ये ही किरदार उनके करियर पर भारी पड़ गया था। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि शिवजी के रोल की वजह से उन्हें फिल्मों में आखिरी टाइम पर रिजेक्ट कर देते थे। मेकर्स को लगता था कि लोगों के मन में उनकी भगवान शिव वाली ही इमेज है। जिसकी वजह से वो उन्हें दूसरे रोल में नहीं देख पाएंगे।

# 'इंडियन 2' में दिखा महेश बाबू और राम चरण की फिल्म का कनेक्शन



**मुंबई।** 12 जुलाई को 28 साल बाद कमल हासन की हिट फिल्म 'इंडियन' का दूसरा भाग रिलीज हो गया है। कमल हासन के प्रशंसकों ने उन्हें 1996 में सेनापति के किरदार में देखा था, जिससे उन्होंने लोगों के दिलों में जगह बना ली थी और अब फिर से कमल हासन इतिहास को दोहरा रहे हैं। 'इंडियन 2' के रिलीज होने के बाद एक रोचक जानकारी सामने आई है। 'इंडियन 2' में दो बड़े दक्षिण भारतीय अभिनेताओं की फिल्मों के गानों को इस्तेमाल किया गया है। इनमें से एक है राम चरण की आने वाली फिल्म 'गेम चेंजर' का गाना 'जगारंडी' और दूसरा है महेश बाबू की 'गुंटूर करम' का 'कुर्ची मदथा पेटी'। इन दोनों गानों को सुनते ही सिनेमाघरों में बैठे दर्शक नाचने को मजबूर हो गए। 'इंडियन 2' का निर्देशन शंकर ने किया है और राम चरण और कियारा आडवाणी की मुख्य भूमिका वाली 'गेम चेंजर' को भी उन्होंने ही डायरेक्ट किया है। यह एक राजनीतिक ड्रामा फिल्म है, जो जल्द ही देखने को मिलेगी। 'इंडियन 2' की बात करें तो इसमें कमल हासन के साथ-साथ काजल अग्रवाल, सिद्धार्थ, एसजे सूर्या, रकुल प्रीत, बॉबी सिम्हा और समुथिरकानी समेत कई कलाकारों ने अभिनय किया है। इस फिल्म के पहले भाग में कमल हासन सेनापति का रोल निभाते हुए देश में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए नजर आए थे। उन्होंने इसमें दोहरी भूमिका निभाई थी और 'इंडियन 2' में भी वो सेनापति बनकर भ्रष्टाचारियों से जंग लड़ रहे हैं।


# फैंस को पसंद आई 'सरफिरा' हो रही जमकर तारीफ



**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार की सरफिरा ने सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। फिल्म में राधिका मदान और परेश रावल अहम भूमिकाओं में हैं। वहीं, इसमें तमिल सुपरस्टार सूर्या के विशिष्ट भूमिका निभाई है। यह फिल्म साल 2020 में आई तमिल फिल्म सूरारई पोट्रू का आधिकारिक रीमेक है। मूल फिल्म बनाने वाली सुधा कोंगरा ने ही इसका निर्देशन किया है। फिल्म को देखने के बाद अब लोगों ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रियाएं देनी शुरू कर दी हैं। बड़ी संख्या में इस फिल्म को लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। एक शख्स ने लिखा, 'माइंडलेस एक्शन फिल्मों की दुनिया में, सरफिरा किसी ताजी हवा के झोंके के जैसी है। इसे जरूर देखें। अक्षय कुमार वास्तव में वापस आ गए हैं। इससे पहले, हाल ही में सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिलने के बाद फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन दिल्ली में किया गया था। इसे देखने के बाद एक्स पर लोगों ने फिल्म की तारीफ की थी। एक यूजर ने लिखा था, 'अक्षय कुमार ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया, परेश रावल भी अपने रोल में अच्छे लग रहे हैं, हर अभिनेता ने अच्छा काम किया लेकिन सूर्या कैमियो ने दिल जीत। कुल मिलाकर, फिल्म काफी अच्छी है।' एक अन्य यूजर ने लिखा, "एक वाक्य में फिल्म का रिव्यू...वह वापस लौट आए हैं।'

# खूंखार विलेन की हीरो से ज्यादा थी फीस, लोग डरते थे, बच्चों का नाम नहीं रखते थे प्राण

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के खूंखार खलनायक का नाम जब जहन में आता है, तो सबसे पहले प्राण उर्फ कृष्ण सिकंद अहलूवालिया का नाम आता है। प्राण, एक भारतीय अभिनेता थे, जिन्हें भारतीय सिनेमा के इतिहास में अब तक के सबसे महान खलनायकों में से एक और 1940 से 1990 के दशक तक हिंदी सिनेमा में सहायक अभिनेता के रूप में जाना जाता है। वह भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे सफल और सम्मानित दिग्गज अभिनेताओं में से एक हैं। बता दें कि प्राण अपने समय के सबसे अधिक भुगतान पाने वाले अभिनेताओं में से एक थे। 12 जुलाई को प्राण की पुण्यतिथि थी। उन्होंने 40 के दशक में नायक की कई भूमिकाएं निभाईं। इसके बाद 1942 से 1991 तक खलनायर के किरदार में जमकर धमाल मचाया था। 50 के दशक में प्राण खलनायक और सहायक अभिनेता के रूप में अपने करियर के चरम पर थे। स्क्रीन पर नकारात्मक किरदारों में उनका अभिनय हीरो के किरदार पर भी भारी पड़ता था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्मों में प्राण की खलनायकी इतनी दमदार हुआ करती थी कि लोगों ने अपने बच्चों का नाम 'प्राण' रखना बंद कर दिया था।



## पान की दुकान पर मिला पहली फिल्म का ऑफर

प्राण का जन्म 12 फरवरी 1920 में मुंबई में हुआ। अपनी खलनायक की भूमिका के लिये जाने जाते हैं प्राण। फिल्मफेयर पुरस्कार और बंगाली फिल्म जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन अवार्ड्स जीतने वाले भारतीय अभिनेता प्राण की फिल्मों को उनके प्रशंसक आज भी देखना पसंद करते हैं। प्राण की पहचान हिंदी फिल्म जगत के सबसे खूंखार विलेन के तौर पर की जाती है। 'राम और श्याम', 'मिलन', 'जंजीर' और 'डॉन' जैसी एक से बढ़कर शानदार फिल्मों में अभिनय का दमदार जौहर दिखा चुके अभिनेता प्राण की गिनती बॉलीवुड के महानतम कलाकारों में की जाती है। प्राण के फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने की दास्तान किसी फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं है। उनको अपनी पहली फिल्म का ऑफर पान की दुकान पर मिला था।

## वली मोहम्मद को गुरु माना

प्राण को पहली फिल्म मिलने की कहानी बहुत फिल्मी है। प्राण अक्सर लाहौर में एक पान की दुकान पर जाया करते थे। उसी पान की दुकान पर मशहूर फिल्म राइटर वली मोहम्मद भी पान खाने जाते थे, जब वली मोहम्मद फिल्म यमला जट बना रहे थे, तो उसमें उन्हें खलनायक के रोल के लिए किसी नए चेहरे की तलाश थी। वली मोहम्मद की नजर जब प्राण पर पड़ी तो उन्होंने प्राण को मिलने के लिए बुलाया। प्राण ने वली मोहम्मद की बात को कोई तवज्जों नहीं दी, जब दोबारा दोनों की मुलाकात हुई तो वली ने प्राण को फिल्म में काम करने के लिये तैयार कर लिया। इसके बाद प्राण ने फिल्म 'यमला जट' में काम किया। इस फिल्म में अभिनय करने के बाद फिर कभी प्राण ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। प्राण ने जिंदगीभर वली मोहम्मद को अपना गुरु माना। प्राण ने अपने शानदार काम की बदौलत कई बार फिल्म फेयर का पुरस्कार जीता।

# गायिका मालिनी अवस्थी ने भंसाली को लताड़ा

मुंबई। भारत सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित प्रसिद्ध गायिका मालिनी अवस्थी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने 'मिर्जापुर' और 'हीरामंडी' जैसी वेब सीरीज बनाने वाले निर्देशकों को खूब जमकर खरी खोटी सुनाई है। यूपी से निकली मशहूर गायिका मालिनी अवस्थी की दमदार और बुलंद आवाज पूरे देश में गूंजती हैं। वो ऐसी लोक गायिका हैं, जिनका कोई सानी नहीं है।



वह जब भी मंच पर आती हैं तो उनकी आवाज दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है। मालिनी अवस्थी भोजपुरी इंडस्ट्री का जाना-माना चेहरा हैं। उन्होंने लोकगीत को अपनी आवाज में बुलंदियों पर पहुंचाया है। 57 साल की मालिनी ने 'दम लगाके हईशा' में 'सुंदर सुशील' गाना गाया। इसके अलावा वो 'बम बम बोले', 'एजेंट विनोद', 'इश्क' जैसी बॉलीवुड फिल्मों के लिए गाना गाया है। अब मालिनी ने 'मिर्जापुर' और 'हीरामंडी' जैसी वेब सीरीज बनाने वाले निर्देशकों की क्लास लगाई है। मालिनी ने वेब सीरीज 'हीरामंडी' और 'मिर्जापुर' को लेकर लिखा, 'हम तो यही समझते हुए बड़े हुए कि जहां न पहुंचे रवि वहां पहुंचे कवि! लेकिन आज ओटीटी प्लेटफार्म पर कवि और कलाकार, इन्हें किस नजरिए से दिखाया जा रहा है! यह बहुत गंभीर विषय है। मिर्जापुर हो या हीरामंडी... सब वास्तविकता से कोसों दूर। कहानी, कल्पना फितूर उसपर तो क्या टिप्पणी की जाए, लेकिन इधर जो दिखा है उस पर खामोश रहना सही नहीं होगा।